CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम: 04°C

हल्द्वानी, मंगलवार 13 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 139 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 पेज 2



चोटिल वाशिंगटन सुंदर बाहर, आयुष बडोनी को वनडे टीम में बुलाया गया खेल टाइम्स



कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई सम्पादकीय



ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया पेज 12

## यूपी में 17 लापरवाह डाक्टर बर्खास्त

■ कई पर हुई विभागीय कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डा. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# इसरो का पीएसएलवी रॉकेट रास्ते से भटका

■ उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने में रहा विफल प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी -सी62)

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62) सोमवार को देश के नवीनतम जासूसी सैटेलाइट 'अन्वेषा' (ईओएस-एन1) और उसके साथ भेजे गए अन्य उपग्रहों को उनकी तय कक्षाओं में स्थापित करने में विफल रहा।

इस उपग्रह अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया था और इसके साथ कुछ अन्य भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी इस रॉकेट से भेजे गए थे।



इसरो अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट को तीसरे चरण के अंत में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यहां मिशन कंट्रोल सेंटर से एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इसके बाद रॉकेट के उड़ान पथ में विचलन हुआ। उनके अनुसार, इसरो इसके डेटा का विश्लेषण करने के बाद ही सही जानकारी प्रदान करेगा।

### पोर्टेबल टैंक रोधी मिसाइल ने सफल उड़ान भरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम 'मैन पोर्टेबल' टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण रविवार को महाराष्ट्र की अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया।

परीक्षण डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने किया। देश में ही विकसित इस मिसाइल में अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है जिनमें इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिग सीकर, पूर्णत: विद्युत आधारित नियंत्रण एक्ट्यूएशन प्रणाली, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है। मिसाइल का सीकर दिन और रात दोनों समय युद्ध संचालन में सक्षम है। इसका मुखास्त्र आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस हथियार प्रणाली के विकास एवं उत्पादन भागीदार हैं। इस मिसाइल को ट्राइपॉड या सैन्य वाहन लॉन्चर से प्रक्षेपित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, विकास एवं उत्पादन भागीदारों तथा उद्योग जगत को बधाई दी और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### केजीएमयू में धर्मांतरण मामले की जांच करेगी यूपी एसटीएफ

**लखनऊ।** लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का विवादों से पीछा नही छूट रहा है। डा. रमीज उद्दीन नायक की गिरफ्तारी के बाद सामने आ रहे उसके पीएफआई कनेक्शन के बाद मामले में आगे की जांच यूपी एसटीएफ ने अपने हाथ मे ले ली है। एसटीएफ पूरे मामले की जांच करने के साथ विवि परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों को भी खंगालेगी। प्रकरण को यूपी एसटीएफ द्वारा हाथ मे लिए जाने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पीड़ित छात्रा के मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया है। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि विवि की तरफ से धर्मांतरण सहित पूरे मामले की जांच के लिए एसटीएफ से अनुरोध किया गया था।

### ई-सिगरेट मामले में कार्रवाई की जाएगी : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में ई-सिगरेट के कथित उपयोग संबंधी शिकायत पर कहा है कि यदि यह आरोप सही है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री बिरला ने सोमवार को संसद भवन के एनेक्सी में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के बुधवार से यहां शुरू होने वाले 28वें सम्मेलन की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि संसद की कार्यवाही नियम और मर्यादा से चलती है।

### अगले स्तर तक ले जाएंगे भारत और अमेरिका साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत-मनोनीत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि यह रिश्ता साझा हितों के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर मजबूत संबंधों पर आधारित है और वह भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपने से पहले श्री गोर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंध वास्तविक हैं।

# केंद्र- ईसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस नेता ने दी चुनौती

याचिका में दावा: ऐसी इम्युनिटी जजों को भी नहीं, सीजेआई बोले: जांच करेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत 'अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।' 15 मार्च 2024 को ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। इसके -शेष पृष्ठ दो पर



### चुनाव आयुक्तों को आजीवन सुरक्षा, केंद्र जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (सुरक्षा) देने वाला प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हो सकता है। लॉ ट्रेंड के मुताबिक, कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग (ईसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में न्यायिक जांच की जरूरत है। हम इस प्रावधान को विस्तार से देखना चाहते हैं। दरअसल, सीईसी और ईसी को इम्युनिटी देने के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि सीईसी और ईसी (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 जवाबदेही के संवैधानिक सि)ांत के खिलाफ है।

### आई-पीएसी छापेमारी विवाद: ईडी का ममता पर दखल का आरोप

#### हमसे सबूत छीनकर ले गईं, मामले की सीबीआई जांच हो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को ईडी ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी।

# उत्तराखंड में -16 डिग्री तापमान

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड, 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

■ दिल्ली में कोहरे से उड़ानें बाधित, हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही
■ मप्र-उप्र में घना कोहरा, राजस्थान में माइनस दो डिग्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। रविवार को राजस्थान के कई इलाकों में तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे चला गया। फतेहपुर में मिनिमम टेम्परेचर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस और नागौर में माइनस 1डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में पाइपलाइन का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम का तापमान -16 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह रहा है। साथ ही घना कोहरा छा रहा है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में टेम्परेचर 4.1डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह 25 जिलों घना कोहरा छाया। यहां विजिबिलिटी 20 मीटर से कम रही। नोएडा में 15 जनवरी, गोरखपुर-आगरा में 13 और मेरठ में 12 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। गाजियाबाद में 5वीं तक स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। बिहार में 5 जिलों का मिनिमम टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस और 11 जिलों में 8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के 24 जिलों में घने कोहरे और कोल्ड डे का ऑरेंज और 14 जिलों में येलो अलर्ट है। इधर, दिल्ली में इस मौसम में पहली बार पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आया नगर का टेम्परेचर 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पालम एयरपोर्ट पर 13 साल में सबसे कम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड जारी है और कोहरे के कारण कई विमान उड़ानें बाधित रही । राजधानी की हवा की गुणवत्ता सोमवार सुबह भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 298 रहा। रविवार के यह 291 था।



## 'जन नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

■ प्रोडक्शन हाउस ने की मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग

**नई दिल्ली।** अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय की प्रथम पीठ ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्म को यू/ए प्रमाणपत्र देने का निर्देश देने वाले एकल पीठ के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद इसका प्रदर्शन अनिश्चित काल के लिए टल गया। तमिल फिल्म 'जन नायकन' को सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार प्रोडक्शन हाउस ने उच्चतम न्यायालय से इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की है।

## टी-20 विश्वकप कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव

■ आईसीसी ने रुख साफ किया, जताया भारत में सुरक्षा का भरोसा, बीसीबी की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 को लेकर चल रहे विवाद के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपना रुख साफ कर दिया है।

आईसीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पूरी तरह से अंतिम रूप ले चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे टर्म्स ऑफ पार्टिसिपेशन के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। आईसीसी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सुरक्षा आकलन और वैकल्पिक योजना को गलत तरीके से पेश किया गया है। आईसीसी के अनुसार भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप को लेकर स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया गया जोखिम आकलन लो से मॉडरेट श्रेणी में है, जो किसी भी बड़े वैश्विक खेल आयोजन के लिए सामान्य माना जाता है। इन आकलनों में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या कोलकाता और मुंबई के मैच स्थलों के लिए किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या विशेष खतरे की पहचान नहीं की गई है। आईसीसी ने खास तौर पर यह भी साफ किया कि कार्यक्रम को बदलने का कोई सवाल नहीं है। बयान में कहा गया कि आईसीसी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैच शेड्यूल को अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है और आईसीसी सभी प्रतिभागी टीमों से अपेक्षा करता है कि वे अपने दायित्वों को पूरा करें।

## उप्र में मकर संक्रान्ति पर 15 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

■ सरकार ने अवकाशों की सूची में संशोधन किया

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में मकर संक्रान्ति को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन किया है।

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक अब मकर संक्रांति का अवकाश 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को रहेगा। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के अनुसार विज्ञप्ति संख्या- 671/तीन-2025-39(2)/2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी अवकाश सूची के प्रस्तर-2(11) में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था।

# खुदरा मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 1.33 प्रतिशत पर पहुंची

■ फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में दहाई अंक में बड़ी गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सब्जियों और दालों के दाम एक साल पहले की तुलना में दहाई प्रतिशत में घटने से दिसम्बर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 1.33 प्रतिशत पर नरम बनी रही। इससे पहले, नवम्बर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत और अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, दिसम्बर 2024 में यह 8.39 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने शून्य से नीचे रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में सालाना आधार पर दहाई अंक में बड़ी गिरावट के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर दिसम्बर में शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। नवम्बर में यह शून्य से 3.91 प्रतिशत नीचे थी जबकि दिसम्बर 2024 में 5.22 प्रतिशत ऊपर दर्ज की गई थी। खुदरा महंगाई पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सितम्बर में किए गए सुधारों का असर भी देखा जा रहा है। दिसम्बर में सालाना आधार पर सब्जियों के दाम 18.47 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों के 15.09 प्रतिशत घट गए। मसालों के दाम में 2.15 प्रतिशत और अनाजों में 0.35 प्रतिशत की नरमी रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पादों के दाम 6.75 प्रतिशत बढ़ गए। फलों की कीमतों में 6.66 फीसदी और मांस एवं मछलियों की कीमतों में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसम्बर 2024 के मुकाबले दिसम्बर 2025 में अंडों के दाम 4.76 प्रतिशत और चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों के 4-66 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा डेयरी उत्पादों के दाम 2.56 फीसदी बढ़े। जीएसटी सुधारों के कारण दिसम्बर में सिले-सिलाए वस्त्रों की महंगाई दर 1.68 फीसदी के निचले स्तर पर रही। वहीं, जूते-चप्पलों के दाम सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत घटे हैं। आवास वर्ग की महंगाई दर 2.86 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली वर्ग की 1.97 प्रतिशत दर्ज की गई। सोने-चांदी की महंगाई दर दिसम्बर में भी ऊंची बनी रही। एक साल पहले के मुकाबले चांदी 97.07 प्रतिशत और सोना 68. 66 प्रतिशत महंगा हुआ है।



## मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के लिए 10 एकड़ ज़मीन दान की

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक एवं अभिनेता मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर चल रही कानूनी बहस के बीच उच्चतम न्यायालय से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वह इन कुत्तों की देखभाल और कल्याण के लिए अपनी दस एकड़ ज़मीन दान करेंगे। मीका ने सोशल मीडिया एक्स पर शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे किसी भी कदम से बचा जाए, जिससे आवारा कुत्तों पर बुरा असर पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में कई वरिष्ठ आईएएस को मिली अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव स्तर पर प्रोन्नति की है। लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशीष गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर. रमेश कुमार और मुकेश मेश्राम को प्रमुख सचिव बनाए जाने के साथ ही अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रखा गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार में तैनात उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों भुवनेश कुमार, मृत्युंजय नारायण और संतोष यादव को भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह निर्णय अधिकारियों के अनुभव, वरिष्ठता और शासन में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रोन्नति मिलने से केंद्र में कार्यरत अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी वरिष्ठता सुरक्षित रहेगी, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिलेगा।

### बांदीपोरा में आग लगने से बीएसएफ जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आग लगने की घटना में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के मदार इलाके में बीएसएफ बैरक में रविवार रात करीब 2:30 बजे आग लग गई, जिससे लकड़ी का ढांचा पूरी तरह जल गया। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के जालंधर के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल रमेश कुमार घटना के समय बैरक के अंदर थे और खुद को बचा नहीं पाए। आग से जलने की वजह से उनकी मौत हो गई। शव को मेडिकल-लीगल औपचारिकताओं के लिए जिला अस्पताल बांदीपोरा ले जाया गया है।

## 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा

# योगी की पाती, लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की

■ युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति, नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके। योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके प्रति विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेशवासी यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन कर उत्तर प्रदेश की सड़कों को सुगम, सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में सहभागी बनेंगे। वही राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'युवा प्रतिभा सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया।

### यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ-25 को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में यूपी पुलिस के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। 45 दिनों तक चले इस महापर्व के इस मॉडल को स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाकुम्भ-25 की तैयारियों को सामान्य 'इवेंट मैनेजमेंट' नहीं, बल्कि सिस्टम इंजीनियरिंग की तरह अंजाम दिया गया। इसकी शुरुआत 12 महीने पहले ही कर दी गई थी। भीड़-ओवरफ्लो जैसे हालातों के लिए पहले से टेबल-टॉप अभ्यास, परिदृश्य आधारित परीक्षण और डिजिटल सिमुलेशन के जरिए रणनीति तैयार की गई। आइसीसीसी चौबीसों घंटे सक्रिय रहा, जहां से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सुरक्षा, रेलवे-बस स्टैंड इनफ्लो अलर्ट तथा विभागों के बीच समन्वय एक ही स्क्रीन पर संभव हुआ।

# फिर बढ़ेगी सर्दी की मार, घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थाई रूप से शीतलहर को रोके रखा था, लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 21 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश में वाराणसी (बीएचयू) में सबसे अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद गाजीपुर में 24 डिग्री, प्रयागराज में 23.8 डिग्री और बाराबंकी में 23.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीगढ़ में 5.8 डिग्री और बरेली में 5.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सोमवार से स्कूलों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और घने कोहरे की आशंका न होने के चलते स्कूलों की छुट्टियां आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। अभी तक कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं लग रही थीं, लेकिन 12 जनवरी से सभी कक्षाओं के लिए नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

### बर्ड हिट के कारण इंडिगो की विमान रात में वाराणसी डायवर्ट

**वाराणसी।** गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-437 रविवार रात पक्षी (बर्ड हिट) से टकराने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी में डायवर्ट कर दी गई। इस विमान में 216 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित उतारा गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान के अगले हिस्से में पक्षी टकराया, जिससे नोज सेक्शन को नुकसान पहुंचा। विमान की प्रारंभिक तकनीकी जांच में नोज सेक्शन में हल्की दरार मिली। पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क किया और सुरक्षा के मद्देनजर विमान को निकटतम हवाई अड्डे वाराणसी में सुरक्षित उतार लिया गया।

# विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'विवेकानंद' नाम ही अपने आप में कालजई संदेश है। उन्होंने कहा कि 'विवेक' में 'आनंद' की अवस्था तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंत:करण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है, जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# मेरठ में कपसाड़ की घटना पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ योगी सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात का लगाया आरोप

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र गौतम ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि मेरठ के सरधना इलाके में एक लड़की के अपहरण और उसकी मां की बेरहमी से हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात कर रही है।

गौतम ने यह भी आरोप लगाया कि जब कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था, तो उन्हें पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया। उन्होंने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि वह लड़की अपनी मां के साथ जंगल की ओर जा रही थी, तभी बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया और विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों को रोकने और उन्हें सजा दिलाने में उतनी ही मुस्तैदी दिखाए जितनी वह विपक्षी नेताओं को रोकने में दिखाती है, तो प्रदेश में अपराध होने बंद हो जाएंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह संसाधनों का इस्तेमाल दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को कुचलने के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कथित 'बुलडोजर नीति' पर कड़ा प्रहार करते हुए गौतम ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर केवल जाति और धर्म देखकर चलाया जाता है।

### एनएसयूआई ने मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से जुडे संगठन 'नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया' (एनएसयूआई) ने वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आयोजित मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस पर बर्बरता और बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसी दलित का उत्पीड़न होता है, तो प्रशासन शांत बैठ जाता है, लेकिन यदि अपराधी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का हो, तो 24 घंटे के भीतर उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 302 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को उतार.चढ़ाव के बीच दोपहर बाद हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में दिन के दौरान 1,101 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह के कारोबार में यह नीचे 82,861.07 अंक तक उतर गया था, लेकिन दोपहर बाद हुई लिवाली से 83,962.33 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। अंत में पिछले दिवस की तुलना में 301.93 अंक (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत ऊपर 25,790.25 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक पिछले सप्ताह पांच दिन में करीब 2.5 प्रतिशत गिरे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में गिरावट रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.52 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,891 के शेयरों में गिरावट और 1,247 में तेजी रही। अन्य 99 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद स्थिर बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, मीडिया, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयरों में तेजी और अन्य पांच में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.16 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस में भी 0.93 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 2.75 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.54 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 2.05 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.51 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.36 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.26 फीसदी चढ़ा। टीसीएस, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, सनफार्मा, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इटरनल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## बजट 2026-27 में होगी निवेश सुस्ती, बढ़ती असमानता जैसी बड़ी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के उपाय कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की 2026-27 के बजट में बड़ी चुनातियां होंगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान ने कहा कि संसद के बजट सत्र का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और 2026-27 का बजट करीब बीस दिन बाद पेश किया जाना है। यह बजट 16वें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों को भी प्रतिबिबित करेगा, जिसकी रिपोर्ट गत 17 नवम्बर को सौंपी गई थी। ये सिफ़ारिशें 2026-27 से 2031-32 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे तथा राज्यों के आपसी हिस्से से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं और यदि इन मूलभूत समस्याओं से ठोस तरीके से नहीं निपटा गया, तो उच्च जीडीपी वृद्धि और बड़े स्तर पर रोजगार सृजन कठिन हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा से जुड़े नए कानून में 60 प्रतिशत 40 के फार्मूले पर भी चिंता जताई।

# कोरोना काल के बाद बैंकिंग क्षेत्र में तेज विस्तार: एसबीआई रिसर्च

नई दिल्ली, वार्ता

SBI

देश के बैंकिग क्षेत्र में कोरोना काल के बाद तेजी से सुधार देखने को मिला है और परिसंपत्तियों, जमा तथा ऋण में तीव्र विस्तार देखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जमा की तुलना में ऋण देने की बढ़ती गति पूंजी की उपलब्धता और जोखिम संबंधी चिंताओं को भी बढ़ा रही है।

कई वर्षों की धीमी वृद्धि के बाद बैंकों की परिसंपत्तियों में भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 77 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग प्रणाली का आकार कई गुना बढ़ा है। कुल परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2004-05 में 23.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 312 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई हैं, जो आर्थिक विस्तार में बैंकों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। पिछले दो दशकों में जमा और ऋण में भी तेज वृद्धि हुई है। जमा 2004-05 में 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि ऋण इसी अवधि में 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये हो गए। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से ऋण वृद्धि ने जमा वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है, जिससे पूरे तंत्र का ऋण-जमा अनुपात 2020-21 में 69 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 79 प्रतिशत हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी में अब सुधार दिखने लगा है। बैलेंस शीट पर कई वर्षों के दबाव के बाद इन बैंकों ने ऋण उठाव में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करनी शुरू कर दी है, जो बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत पूंजी स्थिति और ऋण देने की नई इच्छा को दर्शाता है।

## राष्ट्र निर्माण विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं देश के युवा: प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। प्रधान ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में पीएम-युवा 3-0 (प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना) के तहत चयनित 43 युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर प्रधान ने युवा लेखकों को उनका चयन किए जाने पर बधाई दी और उन्हें सार्थक पुस्तकें लिखने के लिए मेंटरशिप अवधि का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो देश के युवाओं को पढ़ने, लिखने और ज्ञान के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...**

तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिदा दंड भी लगाया गया है। इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केंद्र-ईसी...**

बाद 19 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। केंद्र सरकारसीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसम्बर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

# स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर देश भर में श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, वार्ता



उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरू और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर सोमवार को देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और जगह-जगह उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित गणमान्य हस्तियों ने देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में आध्यात्मिक चेतना और युवाओं को सामाजिक दायित्व की प्रेरणा देने में स्वामी विवेकानंद के महती योगदान को याद किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद को एक ऐसा दूरदर्शी महापुरुष बताया, जिनके विचार आज भी मानवता को राह दिखाते हैं। राष्ट्रपति ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि मैं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं। उन्होंने एक्स पर अपने आधिकारिक पृष्ठ पर लिखा, स्वामी विवेकानंद (का जीवन और शिक्षाएं) एक कालातीत दूरदर्शी और आध्यात्मिक प्रतीक है, उन्होंने सिखाया कि आंतरिक शक्ति और मानवता की सेवा एक सार्थक जीवन की नींव हैं। उन्होंने भारत के शाश्वत ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि स्वामीजी ने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाई और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति आवास पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्वामी विवेकानंद की अमर विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि स्वामीजी के जीवन और शिक्षाओं में आंतरिक शक्ति, आत्म-अनुशासन और निस्वार्थ सेवा को सार्थक जीवन का स्तंभ दर्शाया और बताया गया है।

# राष्ट्र की सेवा में युवा अपने ज्ञान व कौशल को समर्पित करें:राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से बौद्धिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया है। राधाकृष्णन ने यहां सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने विवेकानंद की जयंती पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि उन्हें शिक्षा अर्जित करने के साथ चरित्र निर्माण के प्रति कुशाग्र होना चाहिए और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए खुद को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्षम बनाएगा। श्री राधाकृष्णन ने भारत की ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा पर प्रकाश डालते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षण केंद्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों और क्लासिक्स, उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक ने लगातार सीखने को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र को आकार देती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों को एक साथ विकसित होना चाहिए।

# युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी : सीएम

राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कृत किया, एन.एस.एस. ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 02 लाख 24 हजार 320 का चेक सीएम को सौंपा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कृत किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मंगल दलों को क्रमशः 01 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। महिला मंगल दल धापला, नैनीताल को प्रथम, महिला मंगल दल सेमा, चमोली को द्वितीय तथा महिला मंगल दल बनाली, टिहरी गढ़वाल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। जबकि युवक मंगल दल मोख मल्ला, चमोली को प्रथम, युवक मंगल दल सुंदरपुर रैक्वाल, नैनीताल को द्वितीय एवं युवक मंगल दल चौडीराय चम्पावत को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं एवं एन.एस.एस. अवार्ड विजेता युवाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 02 लाख 24 हजार 320 रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री धामी ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि विवेकानंद ऐसे युगद्रष्टा ऋषि थे, जिन्होंने परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े हुए राष्ट्र के भीतर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को पुनः प्रज्वलित किया। उनके द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन ने पश्चिमी जगत को न केवल भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया बल्कि सम्पूर्ण विश्व को यह संदेश भी दिया कि सनातन संस्कृति के ज्ञान, विवेक और मूल्यों में ही समस्त मानवता का कल्याण निहित है। उनका युवा शक्ति पर अटूट विश्वास था और वे युवाओं को राष्ट्र के पुनर्जागरण का सबसे सशक्त माध्यम मानते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक उसकी युवाशक्ति संगठित, आत्मनिर्भर और राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित न हो। युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है, जो अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की क्षमता रखती है। इस ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन से देश न केवल आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा, बल्कि पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित भी हो सकेगा।इस अवसर पर विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल डॉ. आशीष चौहान उपस्थित थे।

### युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार भी युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नई स्टार्टअप नीति के माध्यम से राज्य में स्टार्टअप कल्चर को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य विकास योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### कहा -हमें अपने युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। तकनीकी नवाचार और वैश्विक परिवर्तन के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और पुराने खत्म हो रहे हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सनातन संस्कृति, चेतना, दर्शन और आध्यात्म की भूमि रही है। स्वामी विवेकानंद ने उत्तराखंड की पावन भूमि के विभिन्न क्षेत्रों में भी तपस्या कर ज्ञान प्राप्त किया था। सरकार ने उन सभी स्थानों को चिन्हित कर राज्य में स्वामी विवेकानंद कॉरिडोर बनाने का फैसला लिया है।

### विवेकानंद की शिक्षा और राष्ट्रीयता की भावना हमेशा प्रेरित करती रहेगी : रेखा आर्या

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि स्वामी विवेकानंद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने विश्व में सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित की। उनकी द्वारा दी गई शिक्षा और राष्ट्रीयता की भावना हमेशा प्रेरित करती रहेगी। रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं।

काशीपुर किसान आत्महत्या मामला

# सरकार का किसान-विरोधी चेहरा उजागरः आर्य




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के काशीपुर में एक युवा किसान की और से आत्महत्या किया जाना धामी सरकार की निर्दयी, संवेदनहीन और किसान-विरोधी व्यवस्था का सबसे भयावह प्रमाण है। यह केवल आत्महत्या नहीं है, बल्कि पुलिस-प्रशासन की प्रताड़ना और सत्ता के अहंकार द्वारा एक मजबूर किसान की हत्या है।

यह बात सोमवार को उत्तराखंड कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि कितना लाचार, मजबूर और बेबस रहा होगा वह जवान किसान, जिसके सामने पुलिस ने न्याय के सारे दरवाजे बंद कर दिए। कितना उत्पीड़न, कितनी प्रताड़ना और कितना मानसिक आतंक झेलना पड़ा होगा कि उसे अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी।आर्य ने कहा कि इस घटना से एक पूरा परिवार उजड़ गया, घर का चिराग बुझ गया, मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया और एक सुहागन की मांग उजड़ गई। यह सिर्फ एक किसान की मौत नहीं है, बल्कि धामी सरकार की अमानवीय नीतियों का परिणाम है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा केवल चौकी प्रभारी समेत कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर देना इस जघन्य अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश है। यह कार्रवाई पूरी तरह नाकाफी है।

### दोषी पुलिस कर्मियों पर भी हो मुकदमा

यशपाल आर्य ने कहा कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी पुलिस अधिकारियों पर हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज हो। मृतक किसान के परिवार को तत्काल 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। किसान उत्पीड़न में लिप्त अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए।आर्य ने कहा कि धामी सरकार में किसान सुरक्षित नहीं है, न्याय की कोई गारंटी नहीं है और पुलिस सत्ता के इशारों पर निर्दोषों को कुचलने का काम कर रही है।उत्तराखंड कांग्रेस इस किसान के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और दोषियों को बेनकाब कर के रहेगी। इस अवसर पर गरिमा मेहरा दसौनी व शीशपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने किया सूचना विभाग के प्रकाशित नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में सूचना विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2026 के आधिकारिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैलेंडर के आकर्षक स्वरूप, उत्कृष्ट मुद्रण गुणवत्ता एवं विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह कैलेंडर राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णयों को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की विकास यात्रा, प्रशासनिक प्रतिबद्धता एवं जनसेवा के संकल्प को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कैलेंडर के माध्यम से राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को एक सुसंगठित एवं रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो आमजन के लिए जानकारीपूर्ण एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग की टीम को इस उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विभाग ने सदैव सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाई है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी सूचना विभाग नवीन तकनीकों, रचनात्मक सोच और नवाचार के साथ जनहितकारी सूचनाओं का व्यापक एवं प्रभावी प्रसार करता रहेगा, ताकि सरकार की योजनाओं और नीतियों की सही जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस अवसर पर अपर सचिव सूचना बंशीधर तिवारी, उपनिदेशक सूचना मनोज श्रीवास्तव एवं उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह उपस्थित रहे ।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ:जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बुरांसखंडा में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार, प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने शिविर में 29 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया।

शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने महिला कल्याण विभाग के लाभार्थियों को महालक्ष्मी योजना एवं किशोरी किट प्रदान की, जबकि उद्यान विभाग के लाभार्थियों को निःशुल्क बीज वितरित किए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने शिविर में 48 शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जिसमें 17 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निर्देश दिए गए। इस दौरान शिविर में कुछ विभागों के सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। जोशी ने कहा कि क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के कारण कुछ मामलों के समाधान में दिक्कतें सामने आईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 16 जनवरी को सुवाखोली में भी बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक आमजन को इसका लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार "जनता की सरकार, जनता के द्वार" के संकल्प को साकार करते हुए न्याय पंचायत स्तर पर सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

उन्होंने चलचला गांव में ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन तथा बुरांसखंडा में उद्यान विभाग के सचल दल केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की।

जोशी ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान शासन-प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहा है और यह कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, संवेदनशीलता और त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति योजनाओं और सेवाओं से वंचित न रहे तथा जनता के विश्वास के साथ सेवा, सुशासन और विकास का कार्य निरंतर किए जा रहे है। इस अवसर पर राज्यमंत्री देवेंद्र भसीन, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, एसडीएम राहुल आनन्द, ग्राम प्रधान ऊषा देवी, अनुज कौशल, सुंदर सिंह पयाल, पूरण कोहली, ब्रह्म दत्त जोशी, मोहन सिंह नेगी, राम सिंह, गोविंद सिंह राणा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# दून व रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज को मिले एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज व पं0 रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में विभिन्न संकायों में एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्तिय से मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्यों की कमी दूर होगी साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण मिलेगा। इसके साथ ही कॉलेजों में शोधात्मक कार्यों को भी बढ़ावा मिलेगा और सम्बद्ध चिकित्सालयों में मरीजों को और बेहतर उपचार मिल सकेगा।



चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेशभर के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में राज्य सरकार द्वारा निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है, ताकि मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को उच्च स्तरीय पढ़ाई के साथ बेहतर प्रशिक्षण दिया जा सके। जिसके लिये सरकार ने हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक साक्षात्कार समिति का गठन किया है, जो वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर रही है। इसी क्रम में चयन समिति ने एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया है। जिनकी नियुक्ति की मंजूरी राज्य सरकार ने दे दी है। जिनमें से 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज तथा 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों को रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति दी गई है। साक्षात्कार समिति द्वारा दून मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस विभाग में प्रोफेसर पद पर डॉ. ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी का चयन किया है, जबकि माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डॉ.

मनीष कुमार, बल्ड बैंक में डॉ. सनोबर शमीम, आर्थोपीडिक्स में डॉ. मयंक सिंघल, एन्टीनेटल चाइल्ड केयर में डॉ. सारा गुलेरिया, मेटरनिटी चाइल्ड हैल्थ केयर में डॉ. रूचि कर्नाटक, एनेस्थिसिया में डॉ. पूजा सांगोले व डॉ. इशिता बहुखण्डी का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। इसी प्रकार रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में आब्स एंड गायनी विभाग में डा. प्रेरणा छाबड़ा, ईएनटी में डॉ. ललित सिंह पोखरिया, माइक्रोबायोलॉजी में डॉ. मयूरी श्रीवास्तव तथा स्किन रोग विभाग में डॉ. चिराग सैनी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन किया गया है। इन सभी चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति संविदा के माध्यम से आगामी तीन वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो के लिये की गई है। चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों सहित शोध व क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# प्रदेश में नारियल, औषधीय एवं सुगंधित पौधें के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके शासकीय आवास पर गोवा की तेल एवं फूड उत्पाद निर्माता एक निजी कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर अन्नु त्रिपाठी ने मुलाकात की।

इस दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने कृषिमंत्री को अवगत कराया कि गोवा स्थित उनकी कंपनी द्वारा मुख्य रूप से नारियल तथा अन्य वनस्पति तेलों का उत्पादन किया जाता है औरष्ओल्ड गोवा ऑइल्स ष ब्रांड के अंतर्गत शुद्ध, प्राकृतिक तेल एवं उनसे निर्मित स्वास्थ्य-वेलनेस उत्पाद बाजार में उपलब्ध कराए जाते हैं। ये उत्पाद त्वचा, बालों एवं स्वास्थ्य देखभाल में दैनिक उपयोग के लिए व्यापक रूप से प्रयोग किए जाते हैं।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में नारियल, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने उपस्थित कैप निदेशक को निर्देशित किया कि ऐसी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। विभागीय मंत्री जोशी ने विशेष रूप से कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग, मूल्य संवर्धन, प्रोसेसिंग एवं विपणन के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।






# बिंदुखत्ता उत्तरायणी कौतिक का शुभारंभ

## विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने किया उद्घाटन, 16 तक होंगे कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** जनता इंटर कॉलेज मेला मैदान, बिंदुखत्ता में सोमवार को पांच दिवसीय उत्तरायणी कौतिक एवं मेला का विधिवत शुभारंभ हो गया। यह पारंपरिक मेला 16 जनवरी तक चलेगा। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट की धर्मपत्नी चंद्रिका बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले के पहले दिन क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और स्थानीय खिलाड़ियों ने कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के नतीजे बालक जूनियर वर्ग में एसकेएम बॉयज प्रथम, सिद्धांत सरस्वती एकेडमी द्वितीय और एमएपी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। बालक सीनियर वर्ग में एसकेएम ने प्रथम, एसडी एकेडमी ने द्वितीय तथा बिंदुखत्ता पायलट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका जूनियर वर्ग में सिद्धांत सरस्वती एकेडमी प्रथम और आदर्श इंटर कालेज द्वितीय रहा। बालिका सीनियर वर्ग में एसकेएम गर्ल्स ने प्रथम तथा स्कॉलर हेवन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में शांतिपुरी ने किया कमाल कबड्डी के बाद आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन के खेलों के बाद 6 टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जबकि शांतिपुरी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान मेला समिति के संरक्षक देवी दत्त पांडे, प्रबंधक प्रभात पाल, मेला अधिकारी अजय गर्बयाल, सचिव प्रेम दानू, कोषाध्यक्ष नवीन पपोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कालोनी, उपाध्यक्ष पुष्कर दानू, उपसचिव विजय सामंत, मीडिया प्रभारी विपिन जोशी सहित प्रकाश मिश्रा, शिवराज बिष्ट, रणजीत मेहरा, संजय टाकूली, जीवन रावत, के. सुंदर सिंह खनका, कमलेश पाठक, इंदर सिंह पनेरी, भागीरथी दानू, चेतन पांडे, अनीता गोस्वामी, शेर सिंह दानू, अमित दानू व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### आगे होंगे ये कार्यक्रम

मेला समिति अध्यक्ष दीप चंद्र जोशी ने बताया कि 12 व 13 जनवरी को विद्यालयों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं 14 से 16 जनवरी तक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समापन दिवस 16 जनवरी को आयोजित स्टार नाइट में लोक गायक माया उपाध्याय, जितेंद्र तोमक्याल, अमित बाबू गोस्वामी, शेर सिंह दानू और चेतन पांडे सहित अन्य कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजयुमो की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में युवाओं ने स्वदेशी भावना और राष्ट्रप्रेम को प्रज्वलित करने का संदेश दिया। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। वहीं, बालक वर्ग की दौड़ में नितेश सिंह जीना ने प्रथम, जीवन मेहता ने द्वितीय और जीवन बोरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में मिनाक्षी बिष्ट ने पहला, भावना अधिकारी ने दूसरा और निकिता कनवाल ने तीसरा स्थान बनाया। सभी अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। दौड़ का समापन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा हुई। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के स्वदेशी संकल्प से प्रेरित होकर युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। यहां भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा हरीश कनवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, जिला मंत्री मनोज जोशी, सौरभ वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### किसान सुखवंत सिंह का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पैगा गांव निवासी किसान सुखवंत द्वारा हल्द्वानी के गौलापार स्थित होटल में शनिवार रात करीब ढाई बजे गोली मारकर की गई आत्महत्या मामले में प्रशासन द्वारा मृतक के परिवार की लगभग सभी मांगें पूरी करने का आश्वासन मिलने पर परिजनों द्वारा सुखवंत सिंह के शव का अंतिम संस्कार गांव में बने श्मशान घाट पर आज विधिवत कर दिया गया। हालांकि इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले ही कुमाऊं कमिश्नर को मजिस्ट्रियल जांच सौंप दी थी। आज प्रात: प्रशासनिक अधिकारी सुखवंत सिंह के ग्राम पैगा स्थित घर पहुंचे तथा उनके परिवारजनों से मिलकर बात की। परिवार वालों ने अपनी मांगें उनके सम्मुख रखीं, जिस पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने उनकी मांगों को मानते हुए कहा कि जितने भी लोग इसमें दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, साथ ही पीड़ित परिवार की पूरी मदद की जाएगी। एसडीएम द्वारा आश्वासन दिये जाने के बाद सुखवंत सिंह के शव का आज गांव में बने श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन दौड़

**काशीपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रशान्त पण्डित के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जी की 164वी जयंती के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ स्टेडियम से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान पर संपन्न हुई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रभारी मोहन बिष्ट ने विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सुशील शर्मा, संजीव, वासू शर्मा, आलोक तिवारी, आकाश कंबोज, राहुल कश्यप, अंकित शर्मा, राहुल खन्ना, करन भारद्वाज, सचिन ठाकुर, शिवा पंडित, संचित मिश्रा, करुणानिधि शर्मा, मनोज सैनी, आशु सैनी, अनिल सैनी, पीयूष प्रधान, हर्षित सचदेवा, प्रियांशु कथूरिया, दिग्विजय सिंह सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### किसान सुखवंत के आरोप बेहद गंभीर: अलका

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती अलका पाल ने काठगोदाम थाना क्षेत्र के एक निजी होटल में काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने को अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक घटना बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला सुनियोजित ठगी और गंभीर प्रशासनिक लापरवाही से जुड़ा प्रतीत होता है। आत्महत्या से पूर्व सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में किसान सुखवंत सिंह द्वारा लगाए गए आरोप बेहद गंभीर हैं, जिनमें जमीन के नाम पर लगभग 4 करोड़ रुपये की ठगी की बात सामने आई है। अलका पाल ने कहा कि आश्चर्य जनक और चिंताजनक है कि पूर्व में शिकायत के बावजूद समय रहते आखिर क्यों कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई? उन्होंने कहा कि एक किसान का इस तरह मानसिक रूप से टूटकर आत्महत्या जैसा कदम उठाना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

### पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स की बैठक में चर्चा

**काशीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक रेलवे स्कूल परिसर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता रेलवे यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने, जबकि संचालन पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव एसएस सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी गुप्ता, सचिव एसएस सिन्हा, ट्रेजरार राजीव पाल तथा सुरेश शर्मा ने केंद्र सरकार से मांग की कि 8वें वेतन आयोग का लाभ रेल कर्मचारियों के साथ ही 69 लाख पेंशनर्स को भी दिया जाए। 18 माह के बकाया एरियर के भुगतान, अंतरिम राहत, जनवरी माह का डीए की घोषणा जल्द से जल्द की जाए। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए के अलावा और भी कई मांगों पर चर्चा की गई। इस मौके पर 11पेंशनरों संजय राय, एसएस सिन्हा, शब्बन खान, सुरेश कुमार, उमेश कुमार, शिवनंदन प्रसाद आदि का जन्मदिन माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर तथा लडडू खिलाकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केके शर्मा, सीएस घोषाल, जयकिशन शर्मा, लालता प्रसाद, सुदर्शन, वीरेंद्र पाल, रहीस अहमद, शिवप्रसाद समेत दर्जनों पेंशनर्स मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद की जयंती

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह हुए कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। नगर मालरोड के ब्राइट एंड कार्नर पर स्थित रामकृष्ण कुटीर आश्रम में जयंती पर सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन और संदेश को आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी स्वामी विवेकानंद के विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान निर्धन परिवारों को जरूरी खाद्यान्य सामग्री का आश्रम की ओर से वितरण भी किया गया। इस मौके पर यहां आश्रम अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज, मेयर अजय वर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, गोपाल नयाल, चंद्रशेखर फुलोरिया, नीरज भट्ट समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### न्याय पंचायत स्तर पर समस्याओं का समाधान

**अल्मोड़ा।** जनपद अल्मोड़ा में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 2235 ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन जैसे विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

### ठंड के बीच अल्मोड़ा में धधका जंगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ठंड के दिनों में भी जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रही है। सोमवार को कोसी स्थित आईटीबीपी कैंप एरिया से सटे जंगल में अचानक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग कैंप एरिया की ओर बढ़ने लगी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना किसी न किसी जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है। सोमवार को अल्मोड़ा कोसी के आईटीबीपी कैंप एरिया से सटे जंगल में अचानक आग धधक उठी। विकराल हो चुकी आग कैंप एरिया की ओर से तेजी से बढ़ने लगी। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में आईटीबीपी के जवानों ने फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेन्द्र सिंह कुंवर के नेतृत्व में पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एमएफई से पंपिंग कर दो होज पाइप फैलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया। जिसके बाद अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली। यहां टीम में एलएफएम ओम प्रकाश, एफएस रमेश सिंह, श्याम लाल, प्रियांशु कुमार मौजूद रहे।

# उत्तरायणी मेले की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कुमाऊं की काशी पवित्र सरयू गोमती एवं विलुप्त सरस्वती नदी तक पर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति को आयोजित होने वाली ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक एवं व्यापारिक उत्तरायणी कौतिक की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। मेले में बाहरी जनपदों एवं राज्यों से व्यापारी पहुंच गए हैं। मेला आयोजक कमेटी द्वारा मेले में आने वाले व्यापारियों एवं मेलार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं भी कर दो गई है। सरयू तट पर मकर संक्रांति को गंगा स्नान के लिए जगह जगह पर टेंट आदि की समुचित व्यवस्थाओं का सोमवार को राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल सहित अन्य ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा सरयू बगड़ में 14 जनवरी को सरयू बगड़ में लगने वाला राजनीतिक पंडालों पर भी विचार विमर्श हुआ। वही मेले के लिए बाबा बागनाथ जी का मंदिर स्वदेशी फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा पुलो आदि में लाइट की मालाएं व पूरे नगर को दुलहन की तरह सहाय जा रहा है। इधर नगर पालिका सुरेश खेतवाल ने पूर्व में चेयरमैन रहते हुए बागेश्वर में उत्तरायणी मेले को एक नया स्वरूप देने का भरपूर प्रयास किया। जिसके बदौलत जनता उन्हें एक बार फिर नगर पालिका में अवसर दिया है। अपने दूसरी बार के कार्यकाल में चेयरमैन खेतवाल ने नुमाइश मैदान में मेलार्थियों को ठंड एवं बारिश से बचाव के लिए बेहतरीन पांडाल व्यवस्था करवाई गई है। जिसकी नगर में काफी प्रशंसा हो रही है। चेयरमैन खेतवाल हर बार मेले में कुछ नया एवं मेले को नए अंदाज में लाने के लिए काफी चर्चाओं में रहते है। खेतवाल के प्रयासों से जिले के उत्तरायणी मेले में लोग पहली बार हेलिकाप्टर की सवारी कर पाए थे।



# राजस्व विभागों की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संवर्धन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया और पटल सहायक को प्रेजेंटेशन को और प्रभावी, सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुराने मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को उच्च न्यायालय में अर्जेंसी लगाने की हिदायत दी। संभागीय परिवहन अधिकारी को मार्च तक शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया और वाहन चालकों से प्रभावी वसूली करने के लिए दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी उप जिलाधिकारियों और एआरटीओ को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, खाद्य पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड सत्यापन में तेजी लाने और गलत राशन कार्डों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। शीतकालीन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत राशन आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में खाद्य संरक्षा अधिकारी को खाद्य सामग्री की सैंपलिंग बढ़ाने, आबकारी अधिकारी को मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निकायों को राजस्व वृद्धि के लिए चालानी कार्रवाई बढ़ाने को कहा गया। बैठक में अपर जिला अधिकारी एनएस नबियाल सहित सभी उप जिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मांगों का निराकरण न होने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा।** 18 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मुखर हो गया है। सोमवार को कर्मचारियों ने वर्चुअल बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान मांगों के निराकरण नहीं होने पर 15 जनवरी से आंदोलन की चेतावनी दी। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी 18 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे है, लेकिन लगातार उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारियों ने वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण, पुरानी पेंशन, केंद्र की भांति मकान किराया भत्ता देने समेत सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने पर 10, 16 व 26 साल की सेवा के बाद एसीपी के तहत पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की विसंगति दूर करने मांग की।

# न्यायधीश आलोक वर्मा ने काशीपुर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति आलोक वर्मा द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे, सचिव यशवंत चौहान, उपाध्यक्ष विधू शेखर शर्मा, उप सचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति सहित कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम कुमार उपाध्याय, कैलाश कुमार, प्रीति शर्मा, केदार सिंह, नरगिस, रणजीत सिंह विर्क को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में न्यायाधीश आलोक वर्मा ने कहा कि काशीपुर बार एक ऐतिहासिक बार है तथा बार और बेंच एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं जिनका आपस में सामंजस्य होना न्याय के लिए अत्यंत आवश्यक है। शपथ ग्रहण समारोह मे न्यायमूर्ति वर्मा के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और उनका माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस दौरान उधम सिंह नगर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज सीनियर डिवीजन धर्मेंद्र शाह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन पूनम तोड़ी, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर सिविल जज दीप्ति पंत, द्वितीय अपर सिविल जज आयशा फरहीन, तृतीय अपर सिविल जज सृष्टि बनियाल के अतिरिक्त पूर्व मेयर उषा चौधरी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष डीके शर्मा, नैनीताल हाईकोर्ट अध्यक्ष डीसीएस रावत, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, उमेश जोशी, हरीश नेगी, संदीप सहगल, आनंद रस्तोगी, गोपाल कृष्ण, भास्कर त्यागी, धर्मेंद्र तुली आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# भारती नवचेतना सांस्कृतिक समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**काशीपुर।** भारती नव चेतना सांस्कृतिक समिति काशीपुर के अध्यक्ष अपूर्व मेहरोत्रा ने विगत दो माह से भंग पड़ी अपनी कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए मुख्य संरक्षक मंडल में-शिवनन्दन प्रसाद अग्रवाल, आजीवन संरक्षक-विमला गुड़िया, संरक्षकगण-योगेश जिन्दल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. इला मेहरोत्रा, हरीश कुमार सिंह, संजय चतुर्वेदी, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, लता शर्मा, इंदु सारस्वत शामिल किया है। पदाधिकारीगणों में उपाध्यक्ष- गीतिका पंत अरोड़ा, शोभित अग्रवाल, सचिव-विकल्प गुड़िया, उपसचिव-सौरभ शर्मा एडवोकेट, अमित शर्मा, कार्यक्रम संयोजक-कीस सिद्दीकी, उप कार्यक्रम संयोजक-अपूर्व पंत, कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल, आय व्यय निरीक्षक-सुमित अग्रवाल, अध्यक्ष आयोजन समिति-महेंद्र लोहिया, उपाध्यक्ष आयोजन समिति- विधु शेखर शर्मा एडवोकेट को बनाया। कार्यकारिणी सदस्यों में दिव्या चतुर्वेदी, विनोद मेहरोत्रा, मनोज कौशिक, शालिनी शर्मा कचौड़िया, ऋचा गुप्ता, संदीप सहगल, प्रेम शर्मा, संजय कचौड़िया, गुरविंदर सिंह चंडोक, सर्वेश शर्मा पूर्व पार्षद, पंकज टंडन, कुमकुम राजपूत सक्सेना, डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. शुभ्रा शर्मा, माजिद अली, चेतन अरोड़ा, मयंक शर्मा, अर्पित मेहरोत्रा, अभिषेक गोयल, शारिक सिद्दीकी, संकल्प गुड़िया, अमन बाली, अंकित गौड़ को शामिल किया है। सलाहकार समिति में विमल गुड़िया, पंकज पंत, अरविन्द शर्मा, दीपक गुप्ता, सरित चतुर्वेदी, इक़बाल अदीब, अतुल अग्रवाल, केएस कपूर, सुधा अग्रवाल, कुमकुम नागर शामिल हैं।

# 'विधायक जी से पूछेंगे कब शुरू होगा काम'

## जलभराव प्रभावित कालोनीवासी फिर आंदोलन के मूड में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जंगलात चौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन का कार्य बजट के अभाव में गत 7 माह से रुका पड़ा है। इस स्थिति से नाराज बिठौरिया नम्बर-1 स्थित गैरवैशाली क्षेत्र के जलभराव से प्रभावित 16 कॉलौनियों के लोग एक बार फिर से आन्दोलन के लिए लामबंद हो रहे हैं। इसी क्रम में आगे की रणनीति तय करने के लिए बनचौकी में हुई बैठक में आगामी 18 जनवरी को सभी कॉलौनीवासियों की एक खुली बैठक करने का निर्णय लिया गया है। सर्वोदय कॉलौनीवासी सेवानिवृत्त सूबेदार बलवन्त सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में जलभराव से निजात दिलाने हेतु 15 जुलाई 2024 से शुरू किये गये आन्दोलन के बाद से अब तक के क्रियाकलापों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में नाले के डायवर्जन कार्य की आधी अधूरी स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी वक्ताओं ने एक स्वर से पूर्व की भांति रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में निर्णायक आन्दोलन करने की जरूरत पर बल दिया। बैठक में पार्षद नवीन जोशी ने रुके कार्य को सुचारु कराने हेतु उनके स्तर से किये गये प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए सभी प्रभावितों का एकजुट होना जरूरी है। देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि व्यापक आन्दोलन के बाद नाले के डायवर्जन हेतु 339 मीटर लम्बाई की कार्ययोजना स्वीकृत हुई। इस हेतु 96-24 लाख की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 137 मीटर लम्बाई में नाला निर्माण हुआ है। शेष 202 मीटर लम्बाई का नाला एवं डिस्टिलिंग टैंक के निर्माण हेतु सिंचाई विभाग की ओर से 188-30 लाख के बजट की मांग की गई है। श्री पाण्डे ने इस संवेदनशील कार्य हेतु 7 माह से बजट नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा नाले के डायवर्जन कार्य को शुरु कराने में क्षेत्रीय विधायक की भी अहम भूमिका रही है इसलिए उक्त मामले में आगामी 18 जनवरी को प्रस्तावित बृहद बैठक में क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत को आमन्त्रित कर सर्वप्रथम उन्हीं से पूछा जाएगा कि आखिर यह कार्य कब आरम्भ होगा? बैठक को बहादुर सिंह हरडिया, किशोरी लाल, त्रिलोक सिंह पपोला, नन्दन सिंह भण्डारी, दीवान सिंह टाकुली, लाल सिंह असवाल, महेश सिंह कार्की, गीता सिराडी, रेखा बोरा, अनीता जीना, छाया भण्डारी, अंजू रौतेला, गीता साह आदि ने सम्बोधित किया।

### दो सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**बागेश्वर।** बीडी पांडे कैंपस के छात्र नेताओं ने विज्ञान भवन को कैंपस में हस्तांतरित करने और मैदान में खड़े वाहनों को हटाने की दो सूत्रीय मांगों को लेकर कालेज गेट पर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी की, जिससे माहौल गरम हो गया। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्रों से तीखी नोकझोंक हुई। मामला बढ़ता देख एसडीएम प्रियंका रानी ने छात्रों से टेलीफोन पर वार्ता की और उनकी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष सागर जोशी, कोषाध्यक्ष मनीष चौबे, महा सचिव ललित कुमार समेत कई अन्य छात्र नेता उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद को याद किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी में स्वामी विवेकानंद की जयंती माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस डा. गणेश उपाध्याय ने विवेकानंद जी की जीवनी में प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनका बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। वे बचपन से ही प्रतिभाशाली, साहसी और आध्यात्मिक विचारों वाले थे। उन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से जीवन का सच्चा उद्देश्य जाना। 1893 में अमेरिका के शिकागो धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण भारत की आत्मा की आवाज बना। उन्होंने भारतीय संस्कृति, वेदांत और मानवता का संदेश पूरे विश्व में फैलाया। स्वामी विवेकानंद का विश्वास युवाओं में था। वे कहते थे- उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उनके अनुसार आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर सेवा को ही धर्म बताया। उनके लिए गरीब और कमजोर की सेवा ही सच्ची ईश्वर-भक्ति थी। आज भी उनके विचार हमें मेहनत, साहस और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देते हैं। आइए, हम सब उनके आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर दुग्ध डेयरी संघ निर्देशक इंद्र सिंह मेहता, पूर्व प्रधान नारायण सिंह को. रंगा, चंदन सिंह बिष्ट, विपिन चंद पांडेय, ललित कोरंगा, चंदन नेगी आदि लोग उपस्थित थे।

# इसरार हुसैन, महमूद हसन बंजारा का रामनगर, जसपुर में स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन तथा प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा का रामनगर तथा जसपुर में ज़ोरदार स्वागत किया गया। दोनों जगहों पर लोगों ने इसरार हुसैन को फूल मालाओं से लाद दिया और नियुक्ति पर हर्ष जाते हुए मिष्ठान वितरित किया गया।

जसपुर में राशिद के आवास पर स्वागत समारोह में वक्ताओं ने कहा कि इसरार हुसैन और महमूद हसन बंजारा भाजपा के कर्मठ सिपाही की तरह न सिर्फ संगठन के लिए बल्कि समाज के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुंचाने का भरपूर प्रयास करते हैं। महमूद हसन बंजारा ने कहा आज़ादी के बाद से ही कांग्रेस ने मुसलमानों के साथ छल कपट किया है। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। जसपुर में स्वागत करने वालों में हाजी राशिद, शाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, शाकिर हुसैन, मो. सलीम, कादिर हुसैन, शफीक अहमद, सज्जाद, मो. उमर, मो. नासिर आदि थे। वहीं दूसरी ओर रामनगर में भी दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मोर्चा के जिला अध्यक्ष अली नकवी, राकेश नैनवाल, अजीज खान, जिकरान कुरैशी आदि थे।

# स्वामी विवेकानंद के विचार प्रेरणास्रोत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लालकुआं इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अयोध्या प्रसाद यादव, विकास गुप्ता, शुभम कुमार व नगर मंत्री गोविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कार्यकरणी सदस्य विकास गुप्ता व शुभम कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके राष्ट्रवादी चिंतन तथा युवाओं को आत्मनिर्भर, चरित्रवान और कर्तव्यनिष्ठ बनने के संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त व आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर अभाविप के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र सेवा एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**बागेश्वर।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे गए और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर कई प्रमुख कार्यक्रम होंगे, जिसमें सुबह प्रभात फेरी का आयोजन होगा, जिसमें स्कूली छात्र-छात्रपएं, अधिकारी और नागरिक भाग लेंगे। खेल विभाग के तत्वावधान में 7.30 बजे भागीरथी बाइपास से आरे और आरे से डिग्री कालेज गेट तक क्रास कंट्री रेस होगी। 9.30 बजे सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर प्रात: 10 बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड और 11.30 बजे नुमाईशखेत मैदान में सामूहिक ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# 6 शोधार्थियों को पीएचडी व 28 को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक

## धूमधाम से मनाया उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह

- 18,146 विद्यार्थियों को बांटी गई उपाधियाँ
- विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को घर-घर पहुंचाया: कुलाधिपति




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का दशम दीक्षांत समारोह सोमवार को गरिमामय और भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व विद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा. निवृत्त) गुरमीत सिंह ने की। समारोह में कुल 18,146 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा स्तर की उपाधियां प्रदान की गई, जबकि 2 को कुलाधिपति मेडल, 28 को विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल, 4 को प्रायोजित मेडल और छह शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सुशोभित किया गया। समारोह के दौरान विश्व. विद्यालय की नवनिर्मित शौर्य दीवार, हिंदी वेबसाइट प्रगति के सोपान तथा त्रैमासिक पत्रिका उड़ान का लोकार्पण भी किया गया। इससे पहले समारोह का शुभारम्भ शोभायात्रा, राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विस्तार, शोध गतिविधियों एवं शिक्षण गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के प्रयासों की जानकारी दी। इसके बाद कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने विधिवत उपाधि प्रदान की। कुलाधि. पति ने विद्यार्थियों को सत्य, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामा. जिक उत्तरदायित्व के मूल्यों के साथ निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को घर-घर पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अच्छा कार्य कर रहा है, विश्वविद्यालय ने कई शिक्षण संस्थान, कारागार, सेना, आईआईटी रुड़की जैसे संस्थानों से समझौता कर सभी को उच्च शिक्षा से जोड़ने का काम किया है। इस बीच समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए विश्वविद्यालय के 6 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें प्रो. गिरिजा पाण्डेय, प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू भट्ट, प्रो. जितेंद्र पाण्डेय, प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण शामिल रहे। इसके अलावा आईसीटी अनुभाग से विनीत पौरियाल को रेडियो ऐप हैलो हल्द्वानी तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मेयर गजराज बिष्ट, विधायक लाल. कुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, डीएम ललित मोहन रयाल, विद्यापरिषद के सदस्य प्रो. पीएस बिष्ट, डा. एचसी पुरोहित, कार्यपरिषद के सदस्य प्रो. बीएस राजपूत, रमेश चंद्र बिंजोला, डा. अजय कुमार गुप्ता, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, यूकॉस्ट के महा. निदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रो. एमएनएस चौहान, देव सिंह सुमन के कुलपति प्रो. एनके जोशी, प्रो. एचपी शुक्ला, प्रो. उमा जोशी सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पीएचडी उपाधि प्राप्त शोधार्थी

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा- संजना रौतेला, नमिता बोरा, लता आर्या, मानविकी विद्याशाखा- बसुदेव प्रसाद, शशांक शर्मा, कमल डिमरी, कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षार्थी पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान- प्रेरणा भट्ट शिक्षाशास्त्र- प्रवेश कुमार विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षार्थी समाज विज्ञान विद्याशाखा-अंकित ढौंडियाल, हितेश चंद्रा, रेखा गैड़ा, सबीहा ख़ान, कुमारी दीक्षा, प्रियंका तिवारी शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा- बलवंत सिंह, रजनी गुरे, सौभ्या कांडपाल, पंकज जोशी, अर्पिता शर्मा, जागृति चौहान मानविकी विद्याशाखा-हिमांशु ओली, कुमारी हेमवंती, दीपिका, प्रवेश कुमार स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा- कुसुमलता, सुमित गिरि प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा- स्वाति बिष्ट, अंशुल अग्रवाल, अंकिता नेगी विज्ञान विद्याशाखा- योगिता रावत, मोनिका, अमित कुमार, हर्षिता मेहता, रैना शुक्ला, ईशिता पांडे प्रायोजित स्वर्ण पदक- लाला देवकी नंदन नंद किशोर एजेंसीज स्मृति स्वर्ण पदक (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान)-प्रेरणा भट्ट शीला देवी धर्मपत्नी लाला ओम प्रकाश स्मृति स्वर्ण पदक (मानविकी)- प्रवेश कुमार भगवती देवी, लाला नंद किशोर स्मृति स्वर्ण पदक (प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य)- अंकिता नेगी कल्याण भवति समिति पदक (शिक्षाशास्त्र)- सौभ्या कांडपाल।

# ब्लॉगर ज्योति की जमानत अर्जी टली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध प्रदर्शन में दराती लहराने वाली सोशल मीडिया की ब्लॉगर ज्योति अधिकारी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। लगातार किसी न किसी कारण से उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हो पा रही। सोमवार को एक बार फिर कंडोलेंस की वजह से उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई स्थगित हो गई। अब कल यानि आज मंगलवार को एक और कोशिश की जाएगी। बता दें कि मुखानी थाना पुलिस ने बीते शुक्रवार को ज्योति को जांच और बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया था। ज्योति के खिलाफ जूही चुफाल ने मुखानी थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि ज्योति ने प्रदर्शन के दौरान उत्तराखंड की महिलाओं और देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस प्रदर्शन में ज्योति अपने साथ दराती लेकर पहुंची थीं, जिसे वो अपनी कमर में छिपा कर ले गई थी और प्रदर्शन के दौरान दराती को हथियार के तौर पर लहराया था। पुलिस ने ज्योति को नोटिस तामील कर थाने बुलाया और फिर दराती बरामद करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार रात ही उन्हें जजी कोर्ट में पेश किया गया और रात ही उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके बाद से लगातार ज्योति के अधिवक्ता जमानत का प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ज्योति के अधिवक्ता ने प्रयास किया लेकिन एक अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट में कंडोलेंस हुआ और सुनवाई टल गई। यानी सोमवार की रात भी ज्योति को हल्द्वानी उप कारागार में गुजारनी होगी। लेकिन कल यानि आज मंगलवार को एक और कोशिश की जाएगी।

## जूही पर ट्रोलिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ज्योति अधिकारी के समर्थन में कुछ लोग खड़े हो गए थे, लेकिन अधिकांश लोग उनके खिलाफ थे। जो लोग ज्योति के पक्ष में थे, उनमें से कुछ लोगों ने ज्योति पर मुकदमा दर्ज कराने वाली जूही चुफाल को ट्रोल करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने जूही के पुराने फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनका मजाक उड़ाया, और उनके पहनावे तथा हेयरस्टाइल पर भी टिप्पणी की। इस मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सीओ अमित सैनी और सोशल मीडिया सेल प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि वे जूही के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करें। पुलिस ने इस संबंध में कई लोगों को चिन्हित भी किया है और अब उन पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# होटल के कमरे में एक नहीं दो गोलिया चलीं

- रुद्रपुर की फॉरेंसिक टीम को घटना स्थल से मिले 12 बोर के दो खाली खोखे
- जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसान सुखवंत सिंह के सुसाइड मामले में नया खुलासा हुआ है। घटना की रात होटल में एक नहीं, बल्कि दो गोलियां चलीं। पुलिस के अनुसार, दूसरी गोली सुखवंत ने खुद पर चलाई, लेकिन पहले गोली किस पर चलाई, यह अभी भी सवाल बना हुआ है। घटनास्थल पर मिले दो खोखों ने जांच को नया मोड़ दिया है। 10-11 जनवरी की रात को सुखवंत अपनी पत्नी प्रदीप कौर और 14 साल के बेटे गुरसहेज के साथ नैनीताल घूमने के लिए निकला था। लेकिन पत्नी की तबीयत खराब होने के बाद वह वापस गौलापार लौट आया और गौलापार स्थित होटल में कमरा नंबर 101 लिया। उस रात करीब ढाई बजे घटना घटी। पुलिस के अनुसार जब सभी सो रहे थे, तभी प्रदीप कौर के सिर पर चोट लगी। उसकी आंख खुली तो सामने पति था। प्रदीप ने बेटे को कमरे से भाग जाने के लिए कहा। सुखवंत ने बेटे को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह कुंडी खोल कर भाग निकला। जिसके बाद पत्नी भी किसी तरह भागी और सीधे रिशेप्सन पर पहुंची। तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जब दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई तो सुखवंत लहूलुहान हालत में लगभग मृत अवस्था में पड़ा था। रुद्रपुर की फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल की जांच की तो 12 बोर के दो खाली खोखे मिले और दो जिंदा कारतूस मिले। ऐसे में माना जा रहा है कि संभवत: पहला फायर उसने अपनी पत्नी या बेटे पर किया होगा, जिससे वह बच गए। इधर सीओ अमित कुमार ने बताया कि होटल के कमरे से दो खोखे मिले थे। जिसकी एफएसएल टीम इसकी जांच कर रही है।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम सोमवार को भाजपा जिला कुमाऊं संभाग कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने की, जबकि मेयर गजराज सिंह बिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, प्रदेश मंत्री दीपा भारती, प्रदेश प्रवक्ता आशा रानी, और प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह को फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट और मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें पार्टी को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि हम अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों में छोटी-छोटी बैठकों का आयोजन करेंगे, जहां हम वहां के प्रमुख नेताओं से संपर्क कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेंगे। यह कदम 2027 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित समाज का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, मधुकर श्रोत्रिय, सोनी टम्टा, दिनेश सागर, अरविंद कुमार, केशव राम, जीवनलाल, मनोज पवार, संतोष कुमार, आनंद राम, जानकी प्रसाद, नंदकिशोर, श्याम भारती, ईश्वरी राम, अजय राज, जीवन आर्य, बसंत आर्य, नकुल कुमार, मोहन पाठक, हीरालाल साहू, बॉबी आर्य, अक्षय कुमार, अजय कुमार गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, मृदुल मनराल, पुष्पा भट्ट, ज्योति सक्सेना, दिनेश बोड़ा, मदन रावत, सोनू शर्मा, गोविंद ताकुली, नकुल कुमार, मोहन पाठक, तरन्नुम खान, दीपा आर्य, विजय मंडल, प्रताप रैकवार थे।

# जरूरतमंद परिवारों को बड़ी सौगात

- आवास निर्माण के लिए पहली किस्त की राशि जारी
- लाभार्थियों को मेयर ने वितरित किए चेक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। नगर निगम सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को बड़ी सौगात दी गई। योजना के तहत 177 पात्र परिवारों को उनके आवास निर्माण के लिए पहली किस्त की राशि जारी की गई। इस अवसर पर नगर निगम की ओर से लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मेयर गजराज सिंह बिष्ट और नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने ने 177 लाभार्थी परिवारों को चेक सौंपे। इस अवसर पर मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य हर गरीब को सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम गरीब और जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है और योजना को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवास केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं होता, बल्कि यह परिवार की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की नींव होता है। नगर निगम यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र परिवार इस योजना से वंचित न रहे। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया गया है। उन्होंने बताया कि आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार आगे की सभी किस्तें समय पर जारी की जाएंगी जिससे लाभार्थियों को निर्माण कार्य में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं लाभार्थियों ने नगर निगम एवं केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से उनका पक्के घर का सपना साकार होने की दिशा में एक बड़ा कदम पूरा हुआ है। इस दौरान निगम के अधिकारी, पार्षद और बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार मौजूद रहे।

**अनुसूचित जनजाति एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर संपन्न: हल्द्वानी।** जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति बालक/बालिका ओपन एथलेटिक्स फिजिकल प्रशिक्षण शिविर बुधवार को समाप्त हुआ। यह शिविर 5 जनवरी से 12 जनवरी तक चलाया गया था। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीरज पांगती, वरिष्ठ सहायक अधिकारी व विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड लॉन टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डीएस रावत मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नीरज पांगती ने शिविर के सभी प्रशिक्षणार्थियों को ट्रैकसूट और जूते देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, उमेश रावत, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, शशि देवी, हेमलता शाह थे।

# बॉक्सिंग गुरु हरिकिशन बेलवाल ने रचा इतिहास




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के बॉक्सिंग गुरु हरिकिशन बेलवाल ने नोएडा में आयोजित 9वीं एलीट नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एक नया इतिहास रचते हुए अपनी टीम को पहली पोजीशन दिलाई। उनकी सर्विसेज टीम ने कुल 9 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त कर चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल किया। हरिकिशन बेलवाल, जो वर्तमान में आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में चीफ कोच के रूप में कार्यरत हैं, के मार्गदर्शन में कई प्रमुख बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रशिक्षण ले चुके हैं, जिनमें अर्जुन अवार्ड और ओलंपियन अमित पंघाल, नरेंद्र, एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता सचिन, पवन, जादूमनी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। उनकी इस सफलता पर उत्तराखंड बॉक्सिंग के आजीवन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, महासचिव गोपाल सिंह खोलिया, अंतरराष्ट्रीय कोच देवेंद्र चंद्र भट्ट, भारतीय महिला बॉक्सिंग के पूर्व चीफ कोच भास्कर भट्ट, नवीन टम्टा, संजीव पौरी, जोगेंद्र सौंन, जोगेंद्र बोरा, डा. भुवन तिवारी, रवि मेहरा, ललित मोहन कुंवर, पुष्पा दरम्वाल, विमला रावत, डा. विकल बवाड़ी, शैलेन्द्र भंडारी, श्याम डांगी आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान स्थानीय लोगों ने सोमवार को पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए तत्काल विद्युत समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि रात के समय विशेषकर करीब 3 बजे के आसपास बिजली कटौती की जा रही है और कई बार सुबह 11 बजे तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो रही है, जिससे आम जनजीवन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा बिजली की कटौती से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के बावजूद उपभोक्ता विभाग के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा अगर समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। इसके साथ ही पार्षद मनोज जोशी ने सुझाव देते हुए कहा कि हर सप्ताह में दो दिन उच्च अधिकारियों की बैठक टीपी नगर में आयोजित की जाए, ताकि लोग अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकें। प्रदर्शन करने वालो में पार्षद मनोज जोशी, कृपाल मेहरा, आरएस काला, अजय बिष्ट, रेवा राम, प्रताप, विशाल पाल, अजय बोरा, कमल राठौर, करण जोशी, अरविंद साहू, वीरेंद्र रावत, हरेंद्र बिष्ट, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे।

# सुंदरपुर रैक्वाल को राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के गौलापार क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सुंदरपुर रैक्वाल ने पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड योजना के अंतर्गत सामा. जिक संस्कृति एवं विकास क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है। यह सम्मान ग्राम पंचायत द्वारा सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण एवं विकासात्मक गतिविधियों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर ग्राम पंचायत में खुशी का माहौल रहा। सामाजिक कार्यकर्ता नीरज रैक्वाल ने इस उपलब्धि को पूरे ग्रामवासियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। नीरज रैक्वाल ने कहा कि सुंदरपुर रैक्वाल ग्राम पंचायत ने सामा. जिक समरसता, युवाओं की भागीदारी, सांस्कृतिक गति. विधियों के संरक्षण तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव आज राज्य स्तर पर देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार ग्रामवासियों को भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

# उपेक्षा: इंदिरा अम्मा कैंटीन पर संकट, 42 में से 19 कैंटीन बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में गरीब श्रमिक और जरूरतमंद लोगों को सस्ता एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई इंदिरा अम्मा कैंटीन योजना वर्तमान सरकार की लापरवाही का शिकार होती नजर आ रही है। सोमवार को शहर विधायक सुमित हृदयेश ने जारी बयान में कहा कि राज्य में स्वीकृत 42 कैंटीनों में से 19 कैंटीनों का बंद हो जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता. जनक है। विधायक सुमित ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इंदिरा अम्मा कैंटीन योजना केवल सस्ते भोजन तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह गरीब और श्रमिक वर्ग के लिए राहत का माध्यम थी। इसके साथ ही इस योजना से स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं, को रोजगार भी मिलता था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की उदासीनता, अव्यवस्थाएं और समय पर भुगतान न होने के कारण एक-एक कर कैंटीनें बंद हो रही हैं, जिसका सीधा असर आम जनता, मजदूरों और जरूरतमंद वर्ग पर पड़ रहा है। यह जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का स्पष्ट उदाहरण है। विधायक सुमित ने सरकार से मांग की कि बंद पड़ी सभी इंदिरा अम्मा कैंटीनों को तत्काल प्रभाव से पुन: शुरू किया जाए, संचालन से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान निक. ाला जाए तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को गंभीरता और संवे. दनशीलता के साथ लागू किया जाए।

# ठंड में बच्चों की सेहत का रखें विशेष ध्यान: डा. पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ठंड के मौसम में छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है, जिसके कारण वे सर्दी-खांसी, बुखार, निमोनिया, दमा एवं अन्य श्वसन संबंधी रोगों की चपेट में शीघ्र आ सकते है। यदि इस मौसम में बच्चों को पर्याप्त सुरक्षा और देखभाल न मिले तो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। जानकारी देते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग की सहायक प्रो. डा. पूजा अग्रवाल ने बताया कि नवजात शिशुओं तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में हाइपोथर्मिया शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाना का खतरा अधिक रहता है। ठंड के कारण बच्चों में सर्दी-जुकाम, खांसी, वायरल एवं बैक्टीरियल संक्रमण, गले में खराश, सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं आमतौर पर देखने को मिलती है। उन्होंने सलाह दी कि बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार दिया जाये जिसमें फल, सब्जियां और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल हो। प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य समाज की प्राथमिक जि मेदारी है। थोड़ी सी सतर्कता और सही देखभाल से ठंड के मौसम में बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे तथा आवश्यकता पडने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

# बलवीर और प्रियंका के गानों पर झूमे दर्शक







- उत्तरायणी महोत्सव के छठे दिन विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के प्रांगण में आयोजित घुघुतिया त्यार के छठें दिन सोमवार को खेद कूद प्रतियोगिता के साथ कवियों ने अपनी विभिन्न कविताओं से सभी को बहुत ही आनंदित किया तो दूसरी ओर देर शाम स्टार नाइट कलाकारो में लोकगायक बलवीर सिंह राणा और प्रियंका चंद ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। सोमवार सुबह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, रस्सा कस्सी प्रतियोगिता, लोकगीत व लोकनृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिससे दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मेला परिसर गुंजायमान है। वहीं कुमाऊंनी कवि सम्मेलन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। मंच परिसर में फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में लावण्या पाण्डे प्रथम, मनस्वी टम्टा द्वितीय और कृति जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में अदिती भंडारी, हिमानी सम्मल और काव्या कांडपाल ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। देर शाम स्टार नाइट कलाकार लो. कगायक प्रसिद्ध लोक गायक बलवीर सिंह राणा और प्रियंका चंद ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। सांस्कृतिक संध्या में चूड़ी त्यार हाथ मा खनकनी, लौंडा मोहना तेरी मेरी जोड़ी देखी दुनिया जलीना आदि एक से बढ़कर गीतों की प्रस्तुति हुई। मेले में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, पूर्व विधायक नारायण पाल, मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, गिरीश जोशी, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया डा. गजेद्र सिंह बटरोही और जगमोहन रौतेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बगड़वाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, ब्रजमोहन बिष्ट, संदीप भैंसोड़ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, तरुण नेगी, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद शैलेंद्र दानू, रत्ना श्रीवास्तव, पुष्पा सम्भल मौजूद थे।

# पीएचसी में दो फार्मासिस्ट के पद का मानक हों: फर्स्वाण

- चिकित्सालयों की ओपीडी में 50 रोगियों पर एक फार्मासिस्ट के पद का भी मानक निर्धारित हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार केएस फर्स्वाण ने भारतीय फार्मेसी काउंसिल की 12वीं बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एक फार्मासिस्ट के स्थान पर दो पदों का प्रावधान किया जाए। इसके साथ ही, बड़े चिकित्सालयों में ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में 50 रोगियों पर एक फार्मासिस्ट के पद का मानक निर्धारित किया जाए। इस कदम से फार्मेसी सेवाओं को जनोपयोगी बनाने और उन्हें बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कई शिक्षण संस्थान डिप्लोमा इन फार्मेसी और बी फार्मा में ऐसे छात्रों को प्रवेश दे देते हैं, जो इंटरमीडिएट परीक्षा में एक अनिवार्य विषय में असफल होते हैं। इस कारण, फार्मेसी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी उनका फार्मेसिस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता, जिससे इन छात्रों का कैरियर प्रभावित होता है। उन्होंने इस मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई करने का सुझाव दिया। साथ ही फर्स्वाण ने यह भी सुझाव दिया कि बी फार्मा की परीक्षा को नीट या श्रम आधारित परीक्षा प्रणाली के तहत कराया जाए। राजकीय फार्मेसी अधिकारियों के संगठन, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड की प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती और महामंत्री सतीश चंद्र पांडे ने राज्य फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा इस मांग को पीसीआई के समक्ष उठाने पर आभार व्यक्त किया है।

## रामगढ़ ब्लॉक में बाघ के आतंक से जनता परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामगढ़ ब्लॉक में बढ़ते बाघ के आतंक को लेकर क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघ के आतंक से निजात दिलाने को लेकर बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र जीतू ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समाधान करने की मांग की है। सीडीओ को सौंपे गए ज्ञापन में जगदीश चन्द्र जीतू ने बताया कि रात के समय बाघों के आतंक के कारण क्षेत्रवासियों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। लोग रात्रि में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रीट लाइट लगाने से सार्वजनिक स्थानों की रोशनी बेहतर होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को रात के समय सुरक्षा की भावना मिलेगी और बाघों के हमलों से बचाव में मदद मिल सकेगी।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेत में मिला युवक का शव

**मृतक के गले एवं शरीर पर निशान होने के चलते हत्या कर शव यहां फेंकने की संभावना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा कोतवाली अंतर्गत रुद्रपुर मार्ग पर हाईवे किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर युवक के शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के गले एवं शरीर पर निशान होने के चलते संभावना जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों द्वारा युवक की हत्या कर शव को हाईवे किनारे खेत में ठिकाने लगाया गया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया है। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई।

जानकारी के अनुसार नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित ग्रैंड हेरीटेज बैंक्विट हॉल के सामने हाईवे किनारे स्थित संपर्क मार्ग पर करीब 50 मीटर अंदर खेत में करीब 35- 40 वर्षीय एक युवक का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मामले की सूचना पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाल प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मृतक युवक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। युवक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान भी मृतक के पास से कोई कागजाद नहीं मिलने के चलते मृतक की पहचान नहीं हो सकी एवं मृतक के पास कोई मोबाइल भी बरामद नहीं हुआ। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक के शरीर पर हल्की खरोच के अलावा गले पर घाव का गहरा निशान है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद मोर्चरी रुद्रपुर भेज दिया। संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुए युवक के शव के मामले में संभावना जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों द्वारा युवक के साथ मारपीट किए जाने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई होगी और शव को खेत में फेंक कर आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाल प्रकाश सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम मृतक युवक की शिनाख्त के लिए आसपास थाना ख्र कोतवाली पुलिस से संपर्क कर मृतक की फोटो भेजी जा रही है तथा पहचान के बाद मृतक के परि. जनों से संपर्क कर जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा तथा रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवक का शव बरामद होने के बाद चर्चाओं का दौर गरम है और तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (राष्ट्रीय युवा दिवस)के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बाजपुर के स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र कुमार वर्मा और सहायक प्रीति शर्मा, खुशबू शर्मा, मानसी के निर्देशन में नगर में सोमवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस और विवेकानंद के विचारों का प्रकटीकरण किया।

राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बाजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार मित्तल और विशिष्ट अतिथियों के रूप में विद्यालय के कोषाध्यक्ष राज. ेश गर्ग और बाजपुर इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक हरीश कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कुमार मित्तल ने बच्चों को इस सात दिवसीय शिविर के माध्यम से चलाए गए जागरूकता अभियानों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और जीवन में भी उन आदतों को अपनाने की बात कही। अपने उद्बोधन में जिला संघचालक हरीश कुमार सक्सेना जी ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मणि त्रिपाठी ने आगंतुक महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुड़िया प्रस्ताव देहात के पूर्व प्रधान हरप्रीत सिंह पन्नू, विद्यालय के आचार्य प्रकाश चंद्र भट्ट, मनोज सिंह ,सचिन चौधरी, नवदीप सिंह पन्नू,जसप्रीत सिंह पन्नू ,श्याम सिंह कुंवर, जंगीर चंद, जितेंद्र, नत्थू सिंह, रामगोपाल ,हरपेज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# शक्तिफार्म ने रविंद्र नगर को हरा जीती ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** युवा भारती नेताजी सुभाष चंद बोस क्लब के तत्वावधान मे रविंद्र नगर खेल मैदान मे हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जहां जिले भर की टीमों ने प्रतिभाग किया तो वही फाइनल मैच में मुख्यातिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा शामिल हुए।



टूर्नामेंट के अंतिम दिन विधायक शिव अरोड़ा फाइनल मैच खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे, जहां विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय कर फुटबाल खेल फाइनल मैच की शुरू करवाया। फाइनल मैच रविंद्र नगर व शक्तिफार्म की टीम के बीच हुआ। रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में अंतिम क्षण में शक्तिफार्म ने रविंद्र नगर को परास्त किया। विजेता रही शक्तिफार्म टीम को विधायक ने ट्राफी प्रदान कर उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। वही टूर्नामेंट में सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मैन ऑफ द सीरीज का खिताब श्रीज. देवा रविंद्र नगर टीम के खिलाड़ी ने अपने नाम हासिल किया। विधायक ने कहा हर वर्ष युवा भारती नेताजी सुभाष चंद्र क्लब के तत्वावधान में बहुत शानदार फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी टूर्नामेंट बहुत भव्य व्यवस्थित रहा। उन्होंने सभी खेल भावना से जुड़े खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान देव बाला, अनुराग, रौनक सरकार, विशाल, अंशु, अरुण मेहता, सुकुमार, हीरा मंडल, मधू, कार्तिक, महादेव बाला, कृष्णा, जोहदार, अनिवेश मंडल, अभिजीत, मनोज मदान, संजय हलदार आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक का शव मिला हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमला बहादुर रोड पर सिडकुल ढाल के समीप एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त पप्पू वर्मा (42 वर्ष) पुत्र फतेह बहादुर वर्मा के रूप में की है।

मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले निवासी पप्पू वर्मा पिछले 10 वर्षों से ट्रांजिट कैंप के वार्ड नंबर 4 में परिवार सहित रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का घेराव कर बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान मृतक के शरीर पर चोटों के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि पप्पू वर्मा के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक अपने पीछे दो बेटियां और एक 14 साल का बेटा छोड़ गया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेक. ानंद न्यू यंग क्लब की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ की गई।



इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' के संदेश पर विस्तार से चर्चा की। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही युवा देश के नवनिर्माण में योगदान दे सकते हैं।

वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि स्वामी विवेक. ानंद ने विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्म का गौरव बढ़ाया है, उनका जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणापुंज है। कार्यक्रम के संयोजक परिमल राय की देखरेख में आयोजित इस उत्सव में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। मंच का संचालन सुबीर राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, शंकर चक्रवर्ती, जीवन राय, मनोज राय, पार्षद सौरभ राज बेहड़, दिलीप अधिकारी, नंद शेखर गांगुली, चन्द्रशेखर गांगुली, सुशील मण्डल, ब्रजेन मण्डल, गौरव खुराना, शुभम दास, मानवेन्द्र राय, नारायण महाजन, अधीर मण्डल, पिन्टू राय, शुभम मण्डल, शुभंकर राय, विष्णु मण्डल, दीपू बाछाड़, राहित मण्डल, अंकित साना, प्रसन्नजीत दास, असीम, रक्षित, समीर राय, सोफिया नाज, मोहन खेड़ा, साजिद खान, ललित बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह सरजू, रतन मण्डल आदि थे।

# महिलाओं को दिया पिंक ई-रिक्शा का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस लाइन परिसर में सोमवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण गया। 10 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण में 30 महिलाओं को दो पालियों में ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



ग्रामोत्थान परियोजना के सीबीओ क्लस्टर लेवल फेडरेशन कंपोनेंट के तहत मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रीप परियोजना के माध्यम से जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। योजना के तहत समूह की महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं।

इनमें 60 प्रतिशत अंश परियोजना, 30 प्रतिशत बैंक की ओर से दिया जा रहा है जबकि 10 प्रतिशत अंश लाभार्थियों को स्वयं वहन करना होगा। स्वयं सहायता समूह की क्लस्टर अध्यक्ष दीपा जोशी के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक एसआई मोहन सिंह बिष्ट, प्रकाश चंद्र भट्ट और मदन लाल ने महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रीप परियोजना से राजेश श्रीवास्तव, गोविंद डसीला और हरीश थापा भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर बाजवा को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड के प्रथम राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता व बाजपुर के समाजसेवी भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा को सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।




जगतार सिंह बाजवा को उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा 2004-05 का राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किया गया था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता गुरदीप सिंह राणा, स्वराज विद्वान, गुरमेल सिंह, प्रदीप माहरा, गीता बैगासी सहित प्रदेश भर के नौ युवा पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक खजान दास, प्रमुख सचिव अमित सिंह, निदेशक आशीष चौहान, उपनिदेशक शक्ति सिंह आदि उपस्थित थे।

## किसान सुखवंत आत्महत्या मामले में मुख्य मंत्री से की बात

किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह द्वारा आत्महत्या के विषय को मुख्यमंत्री के सामने रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने इस मामले में प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन देते हुए दोषियों को सख्त सजा के साथ परिवार की हर संभव मदद करने की बात की है। सीएम ने कहा कि इस घटना में दोषी पुलिस कर्मियों पर भी कार्यवाही की जा रही है।

# स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर युवामोर्चा द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।




कार्यक्रम का नेतृत्व युवामोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत बिट्टू चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेक. ानंद जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और स्वदेशी अपनाकर ही आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश भर में इसी प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को राष्ट्रसेवा और स्वदेशी के प्रति जागरूक किया जा सके।

संकल्प दौड़ का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना, स्वदेशी को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा।

दौड़ में सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलौत सहित रोि. हत भट्ट, रचित, के.के. त्रिपाठी, नवजोत, जितेन्द्र, नमन, अभिषेक, रवि, विशाल, मनीष, हर्ष, उमेश, रोहित, जसवंत एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

अंत में सभी उपस्थित युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# दिनेश बने एक्टू के जिलाध्यक्ष और अनिता बनीं सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गल्ला मंडी में आयोजित ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) के जिला सम्मेलन में चुनी गई 25 सदस्यीय काउंसिल की रविवार देर शाम बैठक हुई। बैठक में दिनेश तिवारी को जिलाध्यक्ष और अनिता अन्ना को जिला सचिव चुना गया। प्रकाश नेगी, ममता पानू, मोहन बिष्ट और हीरा राठौर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं शरमीन सिद्दीकी और सुधा शर्मा को उपसचिव तथा उत्तम दास को कोषाध्यक्ष चुना गया।



जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि वर्तमान में मजदूर वर्ग के सामने मोदी सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम कोड सबसे बड़ी चुनौती हैं। इनसे निपटने के लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है। 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रीय हड़ताल भी इसी संघर्ष का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में चारों श्रम कोड वापस कराए जाएंगे, अन्यथा मजदूर वर्ग पूंजीपतियों का गुलाम बनकर रह जाएगा। बैठक में सभी काउंसिल सदस्यों ने 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वेतन वृद्धि और नियमितिकरण की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित कर्मचारी बनाने के लिए नीति तय करने, नर्सरी शिक्षक के रूप में समायोजित करने और महिला एवं बाल विकास विभाग में विभिन्न पदों पर 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग रखी। संघ की ओर से सुझाव दिया गया कि सेवा अवधि के आधार पर आंगनबाड़ी कार्मिकों को अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और उच्च कुशल श्रेणी में रखते हुए 20,358 से 28,910 रुपये प्रतिमाह तक मानदेय निर्धारित किया जाए।

इसके अलावा ग्रेच्युटी के रूप में 10 लाख रुपये और मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बाहरी भर्तियों पर रोक लगाने की मांग की। स्वैच्छिक मानदेय कार्मिक की परिभाषा को पुनः परिभाषित करने, मानदेय को न्यूनतम मजदूरी से कम न रखने और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुरूप मानदेय वृद्धि की भी मांग की गई। धरना-प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष रुक्मणी धामी, प्रदेश महामंत्री अनीता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रुचिका घई, मीरा बोस, हंसा लोहनी, अनिता राय, अमृता राय, मोनिका ब्रह्मा, विपाला सरकार, शिल्पी सरकार, नीलिमा, सीना, शांति, पूजा, आकांक्षा, पूर्णिमा आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को मिली एक ही छत के नीचे सभी सेवाएं

## विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारियां

**लगभग 1718 लोगों ने लिया शिविर का लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सोमवार को परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी की अध्यक्षता में बाजपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत सरकडा के राजकीय इंटर कॉलेज बाजपुर गांव में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ।



मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री दीपक मेहरा व राजेश कुमार ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 25 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच कर मरीजों को द्वारा भी वित. रित की गई। शिविर में 21 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमे से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में लगभग 1718 लोगों ने लाभ लिया।

शिविर में सुरेन्द्र सिंह नामधारी, मोहन पाल, यशपाल, राकेश सिंह, तसुब्बुर अली, ग्राम प्रधान आयसा, नोडल अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश कुमार भट्ट, भूमि संरक्षण अधिकारी कल्याण सिंह, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बहुउद्देशीय शिविर में नौ का मौके पर हुआ निस्तारण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पंचायत जोगीपुरा में सोमवार को "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका जल्द समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शिविर में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। एसडीएम प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 19 फरियादियों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मरकाना, गिरिश पांडे, डॉक्टर राजीव कुमार, बलवंत सिंह कार्की, मनोज कुमार गगवार, दर्पण सिंह निखुर्पा, अंकित बडोला, नवीन पाण्डे, भानु प्रकाश हरबोला, डीएन सुनाल, उमेश पाल, राहुल आर्य, हज्जन नरगिस, हाजी शकील अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग छात्र लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** घर से गया एक नाबालिग छात्र रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है।

रामनगर के करनपुर निवासी चंपा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र मुकुल सिंह उम्र 17 वर्ष रविवार रात लगभग 10 बजे अपने कमरे में सोने गया था लेकिन सोमवार सुबह जब वह उसको कमरे में उठाने गयी तो वह अपने कमरे में नहीं था।उसके कमरे में एक पत्र मिला जिसमें उसने बाहर जाने की बात कही और वह अपना मोबाइल भी घर छोड़ गया है।उन्होंने बताया कि उनका पुत्र कक्षा 11 का छात्र है।पीड़ित महिला ने पुलिस से खोजने की गुहार लगाई है।कांग्रेस नेता अभिमन्यु डंगवाल पीड़ित महिला के परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एसएसआई महेंद्र प्रसाद से मुलाकात कर गुमशुदा छात्र को खोजने की गुहार लगाई है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# ईओ आलोक उनियाल का घेराव कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ा मीट मार्केट के व्यापारियों के द्वारा मानकों से अधिक मूल्य में बड़ा मीट बेचने के मामले में नगर पालिका के सभासदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल का घेराव करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।


दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नगरपालिका रामनगर द्वारा जो बड़ा मीट मार्केट में मीट विक्रेताओं द्वारा बड़ा मीट की दर 320 रुपये प्रति किलो कर दी गई है। यह बड़ा मीट उपभोक्ताओं के जेब पर डाका डाला जा रहा है। इतना अधिक मूल्य रामनगर के अलावा पूरे प्रदेश में कही नहीं है। नगरपालिका परिषद रामनगर द्वारा जारी रेट लिस्ट के अनुसार बड़ा मीट विक्रेता 180 रुपये प्रति किलो की दर से मीट विकय करने की अनुमति दी गई है, लेकिन नगरपालिका रामनगर के कुछ कर्मचारीगणों व बड़ा मीट विकेताओं की मिली भगत से बड़ा मीट का मूल्य 200 रुपये प्रति किलो की दर से बड़ाकर 320 रुपये प्रति किलो कर दी गई है, जो कि गलत है। ईओ आलोक उनियाल ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है और मीट व्यापारियों को बुलाकर उनसे बातचीत की जाएंगी। इस दौरान समाजसेवी शेर खान, सभासद शमीम अहमद, नदीम अंसारी, मोहम्मद अजमल, सलमान सलमानी, गुलाम सादिक, चांद खान, मोहसिन खान,गाजी करीम, अनीस आलम अंसारी, अनीस खान, इरशाद, मोहम्मद गुफरान आदि मौजूद रहे।

# टाइगर के हमले से बुजुर्ग की मौत

**■ क्षत-विक्षत जंगल से बरामद हुआ शव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सुरई वन रेंज के अंतर्गत बग्घा चौवन इलाके के जंगल में एक बुजुर्ग व्यक्ति पर टाइगर ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बुजुर्ग व्यक्ति अपना मवेशी चुगाने के लिए गांव के समीप स्थित जंगल में ले गया था जहां टाइगर ने उसे अपना निवाला बना लिया। जानकारी के मुताबिक यह घटना रविवार की है। देर शाम ग्रामीणों एवं वन विभाग ने जंगल क्षेत्र से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक चिकित्सालय खटीमा भेजा था।



वहीं शव का पंचनामा भर सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई।

मृतक बुजुर्ग की पहचान शेर सिंह कन्याल (69) निवासी बग्घा चौवन के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीण के अनुसार रोजाना की तरह वह अपने मवेशी लेकर जंगल चुगाने गए थे। लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं आए और मवेशी अपने समय पर घर पहुंच गए तो घर वालों की चिंता बढ़ गई। इसके उपरांत ग्रामीणों द्वारा जंगल में वहां खोजबीन की गई जहां वह रोजाना मवेशी चुगाने ले जाते थे। रात के अंधेरे में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से जब खोज दिन की तो बुजुर्ग का जैकेट एक स्थान पर पड़ा मिला। वहीं टाइगर द्वारा बुजुर्ग को जंगल के अंदर खींचने से बनी लीक के आधार पर ग्रामीणों ने बुजुर्ग शेर सिंह का शव बरामद किया। बुजुर्ग का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया और उसका पिछला हिस्सा टाइगर ने खा लिया था। वहीं घटना स्थल के पास भी ग्रामीणों को दो टाइगर दिखाई दिए जो ग्रामीणों द्वारा शोरगुल मचाने पर मौके से भाग गए। इधर वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को वन अधिनियम के तहत मुआवजा दिए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है तथा घटना स्थल पर वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने के साथ ही ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे है। साथ ही घटना स्थल के आसपास पिंजरा लगाए जाने के परमिशन हेतु उच्च अधिकारियों से वार्ता चल रही है।

फिलहाल एक बेटे एवं पांच बेटियों के पिता शेर सिंह की आकस्मिक मौत पर परिवार में को. हराम मचा है व रो-रो कर बुरा हाल है एवं ग्रामीणों में शोक की लहर है।

# एनएच-74 केलाखेड़ा मार्ग पर अंडरपास न होने से बढ़ रहे हादसे



**■ क्षेत्रावासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, तीन दिन में सर्वे की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एनएच-74 के केलाखेड़ा मार्ग पर स्थित तीन प्रमुख चौराहों पर अंडरपास न होने से लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में सोमवार को पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत केलाखेड़ा अकरम पठान एवं क्षेत्रवासियों ने उपजिलाधिकारी बाजपुर डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि एनएच-74 के केलाखेड़ा मार्ग पर लगभग दो किलोमीटर लंबे आबादी क्षेत्र में स्थित गणेशपुर, फिदानगर एवं रत्नामडैया चौराहों पर आज तक एक भी अंडरपास का निर्माण नहीं किया गया है। इन चौराहों से लगभग 40 गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। अंडरपास न होने के कारण स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गों को सड़क पार करने में गंभीर जोखिम उठाना पड़ता है, जिससे आए दिन दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे वर्षों से प्रशासन बाजपुर एवं एनएच-74 के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही दिए गए। ठोस कार्रवाई आज तक नहीं हुई। ज्ञापन के माध्यम से उपजिलाधिकारी से मांग की गई कि इस गंभीर समस्या का समाधान करते हुए तीन दिन के भीतर सर्वे कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

चेतावनी दी गई कि यदि निर्धारित समय के भीतर सर्वे नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी एवं जनप्रतिनिधि धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन बाजपुर एवं एनएच-74 के अधिकारियों की होगी। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## एक नजर

# तीन दिवसीय मेले की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा वन रेंज के जंगल में मनोहारी स्थल शारदा नहर के लाल कोठी में तीन दिवसीय प्राचीन उत्तरायणी कौतिक की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। लाल कोठी स्थित पवित्र शारदा तट पर उत्तरायणी पर्व मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले मेले में बच्चों के मुंडन एवं यज्ञोपवित के लिए शुभ मुहूर्त माना जाता है। इस स्थान पर बड़ी संख्या में निशुल्क मुंडन एवं यज्ञोपवितत संस्कार किए जाते हैं।

**प्राचीन उत्तरायणी कौतिक लाल कोटी शारदा घाट में लगेगा मकर संक्रांति पर्व पर मेला**

उत्तरायणी मेला, लाल कोठी के मेला कमेटी अध्यक्ष एवं संस्थापक भूपेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि मेले को इस बार बेहद भव्य एवं आकर्षक मनाने के लिए कमेटी द्वारा प्रयास किये गये हैं। खटीमा रेंज के घने जंगल एवं पवित्र शारदा के सुरंम्य प्रकृति की गोद में मेलार्थी गंगा स्नान के साथ ही प्राचीन बालीचंद एवं शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। मेला स्थल पर क्षेत्र के कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलता है। इस स्थान पर 14, 15 व 16 जनवरी तक चलने वाले मेले में खटीमा सहित नेपाल के दूर दराज के ग्रामों से लोग पहुंचते हैं और यहां लगने वाले बाजार से अपनी-अपनी जरूरतों का सामान मुनासिफ रेट पर खरीद करते हैं। मेलार्थियों एवं बच्चों के मनो. रंजन हेतु झूले, चरखे, नाव आदि तमाम मनोरंजन सामग्री का आनंद लेते हैं। मेले में खिचड़ी, अचार, चटनी का भी आनंद लेते हैं । कमेटी अध्यक्ष खोलिया ने बताया कि इस मकर संक्रांति के अवसर पर प्राचीन बाली चंद मंदिर में अखंड रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन इस अवसर पर किया जाता है। मेले की तैयारी में बसंत जोशी, देवेंद्र कन्याल, रामू जेठी, नवीन बोरा, बालवीर खोलिया, पूरन जोशी, राम सिंह धामी आदि लगे हैं।

# ब्लॉक परिसर में स्थापित सातों महान विभूतियों के वास्तविक चेहरे होंगे स्थापित: ब्लॉक प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक परिसर स्थित महान विभूतियों के चेहरों को क्षेत्र पंचायत समिति वास्तविक रूप देगा। पूर्व क्षेत्र समिति द्वारा आनंद-फानन में स्थापित इन मूर्तियों के चेहरे प्रत्यक्ष दर्शन को भ्रमित कर रहे थे। खास तौर पर नई पीढ़ी के समक्ष वास्तविक चेहरों का अभाव सा बन चुका था।



क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सरिता राणा एवं उनके पति सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा को ब्लॉक कैंपस में पूर्व में स्थापित महान विभूतियों के चेहरों की लगातार शिकायतें मिल रही थी। यहां स्थापित महान वैज्ञानिक डॉ अब्दुल कलाम, शहीद भगत सिंह, पूर्व गृहमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत, सुभाष चंद्र बोस, भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, शहीद उधम सिंह नगर के चेहरे वास्तविक चेहरों से भिन्न थे। ब्लॉक प्रमुख राणा एवं सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने लगातार जन शिकायतों के आधार पर सातों महान विभूतियों के चेहरों को वास्तविक रूप देकर जनता को बेहतर संदेश देने का निर्णय लिया है। आज सोमवार को सांसद प्रतिनिधि राणा, पूर्व बीडीसी तेज सिंह महर, पूर्व ग्राम प्रधान दानसिंह ने यहां स्थापित सातों मूर्तियों का अवलोकन कर उचित कार्यवाही का निर्णय लिया है।

# छात्रों को कम शुल्क व निशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

**■ बेरोजगारों के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के अवसर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर, ऊधम सिंह नगर तथा इलेक्ट्रॉनिक सेवा एवं प्रशिक्षण केंद्र, रामनगर (नैनीताल) के मध्य सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न कंप्यूटर एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

समझौता ज्ञापन के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक सेवा एवं प्रशिक्षण केंद्र रामनगर द्वारा संचालित कंप्यूटर कोर्स एवं अन्य तकनीकी कोर्स, जिनमें डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शामिल हैं। सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को कम शुल्क पर उपलब्ध कराए जाएंगे।जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए ये पाठ्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क रहेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा प्राप्त करने में भी आसानी होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. सिंह ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य बाजपुर महाविद्यालय में



अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक सेवा एवं प्रशिक्षण केंद्र के विशेषज्ञ महाविद्यालय में आकर उपलब्ध पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देंगे, जिससे अधिक से अधिक छात्र पंजीकरण कराकर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

समझौता ज्ञापन पर इलेक्ट्रॉनिक सेवा एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से साइंटिफिक ऑफिसर कार्तिक एस.एन. एवं नयन ज्योति तालुकदार तथा महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. सिंह, डॉ. अनिल सैनी एवं डॉ. आदर्श कुमार चौधरी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास रंजन, डॉ. दर्शन सिंह, डॉ. योगेश पाण्डेय सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# महर्षि महेश योगी की 109वीं जयंती को ज्ञान योग दिवस के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** महर्षि विद्या मंदिर में ज्ञान योग दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। परम पूज्य महर्षि महेश योगी की 109वीं जयंती को ज्ञान योग दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में अतिथि पंकज जोशी, वरिष्ठ आर्किटेक्चर इंजी. नियर, का विद्यालय परिवार द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ट्रान्सेंडेंटल मेडिटेशन (टीएम) सत्र में हुआ। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता कर आंतरिक शांति, मानसिक स्थिरता एवं चेतनता का अनुभव किया। इसके पश्चात विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व शांति व सभी के कल्याण हेतु वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान



की गयी। हवन से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज जोशी ने चेतना-आधारित एवं मूल्यनिष्ठ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। तत्पश्चात गुरु पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमचंद्र कर्नाटक ने महार्षि विद्या मंदिर समूह के चेयरमैन का संदेश उपस्थितजनों के समक्ष पढ़कर सुनाया। संदेश में महर्षि महेश योगी के जीवन, दर्शन एवं ध्यान के माध्यम से मानव चेतना के जागरण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

प्रधानाचार्य कर्नाटक ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किए तथा उन्हें आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं नियमित ध्यान अभ्यास के साथ सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं वार्षिक प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं अल्पाहार के साथ हुआ। अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महर्षि महेश योगी द्वारा प्रदर्शित ज्ञान योग, शांति एवं समग्र विकास के मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।

# विश्व को विवेकानंद ने दी नई चेतना: कृपानंद

**■ लोहाघाट पीजी कॉलेज में गूंजा विवेकानंद का प्रखर संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिले के सबसे बड़े स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लंबे अंतराल के बाद स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती के अवसर पर भव्य एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर विवेकानंद के विचारों, आध्यात्मिक राष्ट्रवाद और युवाशक्ति के संकल्प से आलोकित हो उठा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक पत्रिका 'प्रबुद्ध भारत' के विद्वान संपादक स्वामी दिव्य कृपानंद महाराज ने स्वामी विवेकानंद को "केवल 39 वर्षों में युगों का प्रकाश देने वाला महामानव" बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद और श्रीरामकृष्ण परमहंस का मिलन विश्व इतिहास की ऐसी आध्यात्मिक घटना थी, जिसने भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को नई चेतना दी। उन्होंने कहा कि जब तक स्वामी जी के आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के विचारों को बार-बार दोहराया जाएगा, तब तक मानवता, मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय चरित्र जीवंत बने रहेंगे। स्वामी दिव्य कृपानंद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की अमृतवाणी का प्रत्येक शब्द युवाओं को ओजस्वी, तेजस्वी और बलशाली बनाता है तथा उनमें राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण पैदा करता है। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रकाश लखेड़ा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि आज जो वैचारिक दीप जलाया गया है, वह पूरे उत्तराखंड के महाविद्यालयों को आलोकित करता रहेगा। इससे पूर्व संपादक स्वामी जी पर ऐसे पुष्प वर्षा की गई जैसे शिकागों से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद पर की गई थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिविल जज एवं विधिक साक्षरता समिति के सचिव भवदीप सिंह राउते ने कहा कि स्वामी विवे. कानंद के विचार मनुष्य के भीतर आत्मानुशासन, राष्ट्रीय चरित्र और परोपकार की भावना को उसी प्रकार जाग्रत करते हैं जैसे बिना बुलाए नदियां समुद्र में समाहित हो जाती हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश लखेड़ा एवं डॉ. रेखा मौनी द्वारा लिखित पुस्तक "स्वामी विवेकानंद और उनका राष्ट्रवादी दर्शन" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमाकांन्डपाल ने किया, जबकि प्राचार्य लता कैड़ा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ एमसी त्रिपाठी, डॉ बीपी ओली, डॉ सुमन पांडे, शिक्षाविद् नाथूराम राय, नरेश राय, भैरव दत्त राय, चन्द्रा जोशी, छात्र संघ अध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाहरी युवाओं व बिना प्रवेश वाले छात्रों की बाइक इंट्री पर रोक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनबी पीजी कॉलेज परिसर में बाहरी युवाओं व बिना प्रवेश वाले छात्रों की बाइक इंट्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता आकाश वर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कॉलेज परिसर में बाहरी युवाओं के प्रवेश से छात्राओं को असुरक्षा बनी हुई है। इससे भविष्य में कॉलेज परिसर में अप्रिय घटना का अंदेशा बना रहता है। छात्रों ने कॉलेज परिसर में बाहरी तत्वों व बिना प्रवेश वाले छात्रों पर और बाइक इंट्री पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों शानू भारती, आलोक सिंह, रोहित, हिमांशु, घनश्याम आदि थे।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री बाला जी मंदिर आदर्श कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व मन्दिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमे पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा सहित सैकडों महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व श्री बाला जी मन्दिर आदर्श कॉलोनी से ढोल नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो मुख्य बाजार से पांच मन्दिर होते हुए गल्ला मंडी श्री खाटू श्याम मन्दिर पहुंची, जहां से यह कलश यात्रा पुन: श्री बाला जी मन्दिर पहुंची। इधर श्री बाला जी मन्दिर के महंत रमेश बशिष्ठ ने बताया कि आज 13 जनवरी से मन्दिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से अपील की है की वह कथा में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।



# जनता मिलन कार्यक्रम में उठीं जनसमस्याएं

**■ सेरीकाण्डा पेयजल प्रकरण पर डीएम सख्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनता मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनसमस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनमें डूंगरा क्षेत्र में हो रहे खनन से उत्पन्न संभावित खतरे के समाधान, अटल आवास स्वीकृति, श्रम विभाग से सामग्री उपलब्ध कराए जाने, विधायक निधि से बिना सहमति अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की नाप भूमि पर जबरन मोटर मार्ग निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान भूमि की सुरक्षा, सुरक्षा दीवार निर्माण, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषय शामिल रहे।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान संगठन द्वारा सटगल क्षेत्र की 08 ग्राम पंचायतों में रसोई गैस सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी गई। ग्राम प्रधान पंचायत मलान द्वारा जंगली जानवरों की रोकथाम हेतु सायरन एवं अन्य आधुनिक तकनीकों के प्रयोग का प्रस्ताव रखा गया। वहीं ग्राम प्रधान डूंगरा द्वारा ग्रामीण सड़कों को पालाग्रस्त किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई। जनसुनवाई के दौरान प्रमुख मुद्दा ग्राम पंचायत सेरीकाण्डा का रहा। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत सेरीकाण्डा के पेयजल टैंक में अत्यधिक मात्रा में मलवा जमा है, जिसकी जल संस्थान विभाग द्वारा सफाई नहीं की जा रही है। इसके कारण ग्रामवासियों को दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। ग्रामीणों द्वारा इसकी वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी जिलाधिकारी को प्रस्तुत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि दूषित पानी के सेवन से ग्रामवासी लगातार बीमार पड़ रहे हैं तथा भविष्य में गंभीर बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने इसकी पूरी जिम्मेदारी कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता, जल संस्थान पिथौरागढ़ की बताते हुए योजना की थर्ड पार्टी जांच कराने की मांग की। मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल संस्थान पिथौरागढ़ को तत्काल पेयजल टैंक की सफाई कराने, पेयजल की गुणवत्ता जांच (वॉटर टेस्टिंग) कराने तथा पूरे प्रकरण की समयबद्ध जांच कर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण कर निर्धारित समयावधि में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गोविन्द बल्लभ जोशी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

# उक्रांद के केन्द्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती प्रथम बार खटीमा में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आगमन पर जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धन बहादुर चन्द के आवास पर हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर भाटिया ने किया। केन्द्रीय अध्यक्ष कुकरेती ने सभा को संबोधित किया। और शहीदों को नमन करते हुए भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि जिन राज्य आन्दोलनकारियों की बदौलत सत्ता में आये हैं उनका सम्मान न कर लोकतंत्र सेनानियों को बीस हजार पेन्शन दे दी। जबकि इसके हकदार उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी हैं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता में आते ही सर्व प्रथम आंदोलनकारियों को बीस हजार रुपए पेंशन व उनके कल्याण के लिए अनेक योजनायें साथ में लायेंगे। गैर चिन्हित आंदोलनकारियों का चिन्हिकरण कर उन्हें परिचय पत्र प्रदान किये जायेंगे। उक्रांद खटीमा तहसील के वन भूमि, बग्घा चौवन क्षेत्र में बसे हजारों पूर्व सैनिकों तथा किसान परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार से मांग करते हैं कि न्यायालय की आड में वहां के निवासियों का उत्पीडन बन्द किया जाए। साथ ही खटीमा की थारू गैर थारू भूमि विवाद पर उक्रांद बहुत गम्भीर है। क्षेत्र में वर्षों से थारू लैंड में बसे पूर्व सैनिक तथा अन्य गैर थारू किसान उपरोक्त विवाद से पीडित हैं। जिन्हें दोनों राष्ट्रीय दल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते आयें हैं।

उक्रांद की सोच है वह खटीमा क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र घोषित कर सरकार थारू लैंड भूमि समस्या का समाधान निकाले। वहां मौजूद दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली पार्टी पद बांटे गये। वहां प्रकाश सिंह रावत को जिला मंहामत्री सैनिक प्रकोष्ठ, सुबेदार चामू सिह को जिला उपाध्यक्ष, हनुमान सिह मेहता को जिला महामंत्री सैनिक प्रकोष्ठ, दीवान सिह मेहता को जिला संगठन मंत्री, हरेन्द्र प्रसाद को केन्द्रीय सदस्य, शिव लाल रस्तोगी कार्यकारी जिलाध्यक्ष युवा, महेश चन्द को ब्लाक अध्यक्ष खटीमा, रूमाना नकवी बडवाल को जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक, सेविका को जिला महामंत्री, धीरज चन्द्र गहतोडी को युवा विधान सभा अध्यक्ष खटीमा, पंकज मनोला जिला प्रभारी मीडिया युवा बनाया गया।

# पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रेट मिशन परिवार एवं समन्वय सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में समाज के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार बंधुओं के सम्मान में एक पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य एवं वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

समन्वय सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार समाज की गतिविधियों, सामाजिक बुराइयों, कमजोर, दबे-कुचले एवं गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करते हैं।वे समाज की रीढ़ की हड्डी के समान होते हैं और दिन-रात बिना अपने आराम व नींद की परवाह किए बिना हर तरह सूचनाएं एवं सच्चाइयां समाज तक पहुंचाते हैं। समिति के संरक्षक सलिल गुप्ता ने कहा कि पत्रकार बंधु केवल एक नाम मात्र नहीं बल्कि अपराधों एवं अन्याय के विरुद्ध वे समाज की तीसरी आंख बनकर कार्य करते हैं। इन्हीं सराहनीय सेवाओं को देखते हुए पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक के डायरेक्टर डा. प्रसून श्रीवास्तव ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की बेहतरीन ओर उत्कृष्ट सफलताओं की सराहना करते हुए बताया कि जिस प्रकार हमारे बच्चे बदलते युग में आधुनिकता के साथ एआई एडवांस, रोबोटिक्स, 3डी व सभी प्रकार के खेलो के साथ-साथ अदभुत कविताओं की रचना भी कर रहे हैं और जल्द ही हम अपने विद्यालय के बच्चों द्वारा रचित कविताओं की पुस्तक का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रणय श्रीवास्तव, डा. प्रसून श्रीवास्तव, प्रिंसिपल डायरेक्टर डा. नलिनी श्रीवास्तव, आलोकिता श्रीवास्तव, सीए सलिल गुप्ता, प्रणय श्रीवास्तव, डा. नलिनी श्रीवास्तव, पंकज कौशिक, विक्रम शर्मा, डॉ गिरीश चंद्र पंत, गिरीश सत्यवली, भुवन डंगवाल, अजेंद्र सुंदरियाल ने भागेदारी कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। यहां वरिष्ठ पत्रकार विना. द पपने, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, चंद्रसेन कश्यप, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, बंटी अरोड़ा, कैलाश सुयाल, गोविंदा पाठनी, विक्की कश्यप, नाजिम सलमान, अमित बेलवाल, त्रिलोक रावत, मुकेश सुयाल, चंद्रशेखर जोशी, राकीब खान, पूरन शर्मा, गौरव मंदो. लिया, उस्मान जी, नदीम वारसी आदि मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# डॉ. मेटि जयंती पर विधायक ने चिकित्सकों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** इलैक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. काउण्ट सीजर मेटि की 217 वें जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

ग्राम छोई के एक रिर्सोट मे समपन्न हुए कार्यक्रम मे इलैक्ट्रो होम्योपैथिक रिसर्च एंड डवलमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुरेश राजपूत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे डॉ. मेटि के चित्र पर माल्यापर्ण करके उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर डॉ. गिरीश तिवारी की अध्यक्षता और डॉ. जफर सैफी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पधारे क्षेत्रीय विधायक दीवाना सिंह बिष्ट ने इस पैथी को सस्ती, सुलभ व कारगर दवा बताते हुए सभी चिकित्सकों से आमजन तक ओषधि लाभ पहुंचाये जाने की बात कहते हुए कोरोना संकट मे इस पैथी के चिकित्सकों के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की सराहना की।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि बतौर डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. उमर सैफी, डॉ. भुपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. नाजमा नाज, डॉ. आरएस बिष्ट, डॉ. आरपी सिंह सैनी, डॉ. वैभव शर्मा, डॉ. पंकज सैनी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके विधायक के द्वारा डॉ. गिरीश तिवारी, डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. उमर सैफी, डॉ. जफर सैफी, डॉ. आरपी सिंह सैनी, डॉ. भुपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. नाजमा नाज, डॉ. आरएस बिष्ट, डॉ. वैभव शर्मा, डॉ. पंकज सैनी डॉ. शमशाद अली, डॉ. एसएस बिष्ट, डॉ. नावेद जाफरी, डॉ. राहत अली, डॉ. नासिर चौधरी, डॉ. कोमल शर्मा, डॉ. नाजिम सलमान, डॉ. शानू कुमार, डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. बंधु सिंह राणा, डॉ. आरएस पाल, डॉ. दिनेश राणा, डॉ. नवनीत राणा, डॉ. नवनीत जोशी, डॉ. रमेश वर्मा, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. जावेद असलम, डॉ. बिलाल अहमद, डॉ. जैड रहमान, डॉ. आरके विश्नोई, डॉ. अनिकेत विश्नोई, डॉ. बुरहान, डॉ. लवकेश काम्बोज, डॉ. सीएम देवली, डॉ. रामवीर सिंह, डॉ. बराज पाल, डॉ. ऋषिपाल सिंह, डॉ. साजिद अली, डॉ. सतवीर , डॉ. युनुस सैफी, डॉ. आरएस पाल, डॉ. ज्ञान सिंह, डॉ. चारू रवि, डॉ. एसए. खान, उत्कर्ष राजपूत, पवन सैनी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# 'उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो'

## नैनीताल जिले में युवा दिवस पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन परिसर के ओल्ड आर्ट्स सभागार में हुआ जिसमें 50 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अतिथि डीएसबी परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. ललित तिवारी एवं डा. अशोक कुमार शामिल रहे साथ ही कार्यक्रम में उप निदेशक डौल्वी तेवतिया, हरीश सिंह राणा महामंत्री भाजपा नैनीताल एवं शुभम अदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। प्रतियोगिता ने प्रथम स्थान पर सुश्री प्राची जोशी रही वही




द्वितीय स्थान पर सुश्री सुकृति कोहली रही और तृतीय स्थान पर तुषार चंद्र रहे। इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा दिवस विशेष भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक तथा युवाओं की शक्ति के पुंज तथा राष्ट्र की भावना जागृत करने वाले महान आध्यात्मिक नेता विचारक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद का जन्म दिन 12 जनवरी ही युवा दिवस है तथा इस वर्ष की युवा दिवस 2026 थीम उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो रखी गई है। उप निदेशक डौल्वी तेवतिया ने बताया कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा, कौशल व नवाचार और राष्ट्रसेवा के माध्यम से युवा देश को आत्मनिर्भर व तकनीकी रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से समरस बना सकते हैं। जागरूक, अनुशासित और मूल्यनिष्ठ युवा ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं वहीं हरीश राणा ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनके सकारात्मक प्रयासों से ही एक सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में आरती, रूपा, अजय कोहली, उत्कर्ष तथा पंकज आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

दूसरी ओर शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की तथा परिसर में लगे पौधों की गुड़ाई की। द्वितीय सत्र में लघु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. जयति दीक्षित द्वारा की गई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए विवेकानंद के जीवन से जुड़े एक किस्से को साझा करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन में अध्यात्म का महत्व रहा है। डा. तरुण कुमार आर्य ने शिकागो धर्म सम्मेलन की घटना को साझा करते हुए उन्हें याद किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ीं प्रेरणादायक लघु फिल्म दिखाई। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. दीपक ने किया। कार्यक्रम में डा. ईप्सिता, डा. निर्मला तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं बबीता, निधि, उर्मिला, रजनी, बबीता करगेती तथा पूजा जोशी, छाया, कनकलता तथा सरोजनी व विनीता उपस्थित रही।

## नरभक्षी बाघ व गुलदार को तत्काल मारे वन विभाग: डा. बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के बलाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने नैनीताल जनपद के भीमताल में गुलदार व बाघ द्वारा निरंतर मानव जीवन को



अपना निवाला बनाया जा रहा है जो पहाड़ के लिए गहरी चिंता है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। प्रमुख डा. बिष्ट ने कहा विगत वर्षो भीमताल ब्लॉक में आदमखोर बाघ ने महिलाओं को अपना निवाला बनाया, विगत एक माह के भीतर ही भीमताल विधानसभा में तीन महिलाओं को अपना निवाला बना दिया है जो भविष्य के लिए चिंताजनक हैं। प्रमुख ने कहा भीमताल में एकाएक घटना हो रही है, साथ ही कई जगहों पर तेंदुए व बाघ की गतिविधि देखी जा रही हैं वहीं वन विभाग मौन है। विभाग की यह लापरवाही उदासीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि नरभक्षी को आदमखोर घोषित कर शीघ्र मारने के आदेश जारी करें। कहा कि वर्तमान हालातों को देखते हुए ग्रामीण अपने घरों पर बंद होने को मजबूर हैं, वह अपने दैनिक कार्यों को भी नहीं कर पा रहे हैं जिससे परिवारों के पालन पोषण का भी संकट मंडराने लगा है। डा. बिष्ट ने कहा कि वन विभाग को अतिरिक्त गश्त और तकनीकों का उपयोग कर और मावन को हानि पहुंचाने वाले वन्य जीवों तेंदुए व बाघ को आदमखोर घोषित कर इसे शीघ्र मारना या पकड़ना चाहिए एवं पीड़ित परिवारों को सीधा उनके खाते में मुआवजा राशि देनी चाहि, साथ ही भविष्य के लिए समाधान दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता है, ताकि वन्य जीवों से हो रही मानव हानि को रोका जा सके।

## एक नजर

### न्याय पंचायत खुर्पाताल में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को विकासखंड भीमताल की न्याय पंचायत खुर्पाताल के जूनियर हाई स्कूल खुर्पाताल में जन जन की सरकार-जन जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। बता दें शिविर की अध्यक्षता विधायक नैनीताल सरिता आर्या एवं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा की गयी। शिविर के दौरान जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में लगभग 468 नागरिकों द्वारा सीधा लाभ उठाया गया।शिविर में उपाध्यक्ष जिला पंचायत देवकी बिष्ट, दर्जा मंत्री दिनेश आर्या तथा नवीन वर्मा, बलाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, मण्डल अध्यक्ष उप्रेती, उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक, तहसीलदार अक्षय भट्ट के साथ ही ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त जनता उपस्थित रही।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला नैनीताल की दूसरी बैठक का आयोजन सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर किशनपुर गौलापार में किया गया जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के कार्यों का विस्तार से वर्णन किया गया। कार्यक्रम की विस्तार से रूपरेखा कुंदन सिंह जीना प्रदेश सचिव राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन उत्तराखंड के द्वारा रखी गई जबकि ललित मोहन परगांई प्रदेश सचिव राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने मानवाधिकार के बारे में बताया। बैठक में बेबी साहनी प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने अपने विचार महिला अधिकारों के संदर्भ में रखें। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी ने कैसे मानवाधिकार एसोसिएशन का विस्तार प्रदेश स्तर से लेकर के न्याय पंचायत एवं ग्राम स्तर तक किया जा सकता है इसके बारे में विस्तार से बताया। बैठक में डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी को केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर जिला नैनीताल राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के द्वारा माल्यार्पण कर सममानित किया गया। बैठक में विनोद कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक भीमताल समेत सुंदर सिंह बिष्ट को जिला महामंत्री जिला नैनीताल तथा बीना बिष्ट को जिला सचिव जिला नैनीताल नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी ने की जबकि संचालन जिलाध्यक्ष दीवान सिंह ने किया।

### बागेश्वर जा रही पिकअप भवाली रोड पर पलटी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से बागेश्वर उत्तरायणी मेले में दुकान लगाने जा रहे मेला कारोबारी की पिकअप भवाली रोड में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कारोबारी बुरी तरह घायल हुआ जिसे बाद में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरनगर निवासी फैजान कुरैशी रविवार को मुजफ्फरनगर से पिकअप में मेले का सामान लेकर बागेश्वर जा रहा था। सोमवार सुबह तड़के पांच बजे भवाली रोड पर पाइंस क्षेत्र स्थित एक मोड़ में अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार फैजान के सिर व पैर में गंभीर चोट आ गई। वहीं चालक जमीरउद्दीन बाल-बाल बचा। वाहन चालकों की मदद से फैजान को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि सिर पर गंभीर चोट होने के कारण फैजान को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### छावनी क्षेत्र में घुसना पर्यटकों को पड़ा महंगा, पुलिस ने कार्रवाई कर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल छावनी क्षेत्र में देर रात पर्यटकों को घुसना महंगा पड़ गया। छावनी प्रबंधन व पुलिस की ओर से पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात बदायूं से चार पर्यटक अपनी कार में घूमने के लिए नैनीताल आए थे। उनको नैनीताल पहुंचने से पहले प्यास लगी तो वह पानी खोजने लगे। वह भवाली रोड में कैंट क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि उन्होंने कार को रोक पानी की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान वह पानी की तलाश के लिए कैंट क्षेत्र में घुस गए। इस दौरान वह वहां बाहर लटका महिला का स्वेटर भी उठा लाए। रविवार की सुबह जब कैंट में सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो देर रात चार युवक चोरी छिपे कैंट में घुसते व स्वेटर ले जाते हुए नजर आए। कैंट प्रबंधन की ओर से पुलिस से शिकायत कर अज्ञात युवकों पर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने सीसीटीवी से युवकों की कार का नंबर ट्रेस कर सोमवार को युवकों को पकड़ लिया। जहां पूछताछ में युवकों ने बताय कि वह होटल समझ कर कैंट में घुस गए थे। उनको ठंड लग रही थी इसलिए स्वेटर उठा लाए। मामले में एसआई बबीता ने बताया कि पूछताछ व माफीनामे के बाद बदायूं निवासी विक्रांत वर्मा, रामपुर निवासी प्रेमपाल, वीरेंद्र कुमार व आकाश कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है, वहीं छावनी प्रबंधन की ओर से चालानी कार्रवाई की गई है।

# बैंक अधिकारियों ने किसानों को दी कई जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड ज्योलीकोट कार्यालय में सोमवार को नैनीताल डिस्ट्रिट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लिमिटेड हल्द्वानी बैंक शाखा भवाली द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधक किरन आर्या ने बैंक द्वारा दी जा रही बैंक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही सरकार द्वारा चलाई जारी विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा बीमा योजना के अंतर्गत किसान काश्तकार फसल बीमा के साथ प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा अन्य प्रकार का बीमा करा सकते हैं, जो भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक लाभदायक योजना है। बैंक प्रबंधक किरन आर्या ने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया योजनाओं का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं। एम पैस ज्योलीकोट के सचिव हयात सिंह मेहता ने समिति की योजनाओं की जानकारी दी साथ ही क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को समिति की सदस्यता दिलाये जाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष आशा जीना समेत उपाध्यक्ष इंद्र सिंह नेगी, संचालक जुगल गोस्वामी के साथ ही कमल किशोर अधिकारी, दीपक कुमार, भीम सिंह तड़ागी, हरीश पांडे, कविता देवी तथा बिरेन्द्र मेहरा बैंक प्रतिनिधि धन सिंह जीना तथा बैंक कर्मचारी राजेंद्र नेगी, रविंद्र जीना सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# शोधार्थियों को कुलपति का ई-मेल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में हाल ही में आयोजित शोधार्थियों के साथ ओपन हाउस चर्चा के उपरान्त कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के समस्त शोधार्थियों को संबोधित करते हुए एक खुला ईमेल जारी किया है। इस ईमेल में उन्होंने शोधार्थियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए आगे की कार्ययोजना से भी अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार, ओपन हाउस चर्चा के दौरान यह मामला सामने आया कि विश्वविद्यालय के तीन विभागों में वर्ष 2024 में कोर्सवर्क उत्तीर्ण कर चुके शोधार्थियों की अब तक आरडीसी (रिसर्च डॉटोरल कमेटी) आयोजित नहीं की गई। इस पर कुलपति ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से स्पष्टीकरण जारी किया है और देरी के कारणों पर



जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। कुलपति ने अपने ई-मेल में यह भी स्पष्ट किया है कि अब विश्वविद्यालय में आरडीसी की प्रक्रिया को समयबद्ध और अनिवार्य बनाया जा रहा है। इसके तहत पीएचडी कोर्सवर्क के परिणाम घोषित होने के न्यूनतम 45 दिनों के भीतर आरडीसी का आयोजन किया जाना अनिवार्य होगा। शोधार्थियों की मांग पर अनुसंधान में उपयोग होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयरों के प्रशिक्षण के लिए शीघ्र कार्यशाला आयोजित की जाएगी, इसके लिए निदेशक शोध एवं विकास प्रकोष्ठ (आरडीसी) को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुलपति प्रो. रावत ने शोधार्थियों से अपील की है कि यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा उनसे कोई अनुचित मांग की जाती है या किसी प्रकार की अनियमितता होती है तो वे उसका रिकॉर्डिंग साक्ष्य मुझे मुहैया कराएं। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि ऐसी शिकायतों पर वह 24 घंटों के भीतर कार्रवाई की जाएगी तथा शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्रो. रावत का कहना है कि शोध वातावरण को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए यह कदम आवश्यक हैं और शोधार्थियों के सहयोग से ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल अकादमिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित कर सकेगा।

## सेना के जवान का आरोप

**नैनीताल।** भारतीय सेना में नायक के पद से सेवानिवृत नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के ग्राम हरतोला पट्टी देवदारू निवासी गोपाल भटट् ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कुछ लोगों की ओर से उनकी जमीन की नापजोख करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा है कि उनके आवेदन के बगैर किसी को भूमि की नापजोख की अनुमति न दी जाए। कहा है कि वह गांव में पुश्तैनी काश्तकार हैं। खेती के माध्यम से परिवार की आजीविका चला रहे हैं। वह अपने हक हकूक के हिस्से में खेतीबाड़ी कर रहे हैं। इससे उनकी खेतों की स्थिति ठीक है जबकि समीप के अन्य खेत बंजर हैं। आरोप है कि अब उनके पिता के भाईयों के परिजन बंजर खेतों की बजाए उनके खेतों की नापजोख करवा रहे हैं। जबकि यहां उनका न कोई आवास है न गौशाला और न हीं कोई आवाजाही। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के बगैर बीते दिनों उनकी जमीन की नापजोख की गई।

# टिशू कल्चर से उच्च गुणवत्ता के साथ पौधों को कर रहे विकसित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर स्थित जैव प्रौद्योगिकी परिषद में टिशू कल्चर से उच्च गुणवत्ता के साथ पौधों को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। मामले में परिषद के निदेशक संजय कुमार के निर्देशन में टिशू कल्चर के माध्यम से कीवी तथा तिमूर व अन्य औषधीय पौधों को तैयार किए गए हैं। बता दें



कि टिशू कल्चर (ऊतक संवर्धन) एक आधुनिक तकनीक है जिसमें किसी भी पौधे के छोटे से हिस्से पत्ती या तने को प्रयोगशाला में नियंत्रित वातावरण में पौधे तैयार किए जाते हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूरए स्वस्थ तथा रोग मुक्त और समान गुणों वाले होते हैं। जिससे तेजी से कलोन बनाए जा सकते हैं। यही नहीं इस विधि से दुर्लभ प्रजातियों का संरक्षण भी किया जा रहा है। पटवाडांगर संस्थान के प्रभारी डा. सुमित पुरोहित ने बताया कि यह तकनीक फसल सुधार, रोग मुक्त बीज उत्पादन और आनुवंशिक रूप से बेहतर पौधे बनाने के लिए बहुत उपयोगी है। इस पर मौसम का कम असर पड़ता है। बताया कि पटवाडांगर संस्थान में हाईटेक प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला में कीवी समेत तिमूर, कूट व बड़ी इलायची तथा ब्राह्मी व केले के पौधों को तैयार किया जा रहा है। बताया कि टिशू कल्चर से एक पौध को तैयार होने में 6 से 8 महीने लगते हैं। पौध तैयार होने के बाद पौधों को मिट्टी में लगाया जा सकता है। बताया कि टिशू कल्चर से तैयार पौधे पहाड़ों व मैदान के किसानों के लिए बहुत लाभदायक होंगे। इससे कई विलुप्त होती जा रही पौंधों की प्रजातियों को भी संरक्षित किया जा सकेगा। डा. सुमित पुरोहित के मुताबिक टिशू कल्चर से तैयार पौध उचित मूल्य तय कर किसानों को दिए जाएंगे, साथ ही किसानों को पौध लगाने व उसके रख रखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे किसान पौध लगाकर फल उत्पादन कर अपनी आजीविका बढ़ा सकते हैं। इससे किसानों की आर्थिकी में सुधार होगा।

# गुलदार व बाघ के आंतक से जनता हुई त्रस्तः खष्टी बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि वर्तमान में नैनीताल जिले के ओखलकांडा, धारी, भीमताल, बेतालघाट विकास खंडों में आए दिन बाघ और गुलदार के बढ़ते आतंक से ग्रामीण त्रस्त



हो चले हैं। बिष्ट के मुताबिक विगत पांच बर्षो में बाघ व गुलदार के आंतक की घटनाएँ तेजी से बढ़ गई हैं जिनसे ग्रामीण त्रस्त हैं। कहा कि वर्तमान में नौनिहाल विद्यालय जाने से डर रहे हैं, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है तथा जंगल में लकड़ी और घास के लिए जाने वाले ग्रामवासियों में भय का माहौल व्याप्त है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि वन विभाग लाचार है। प्रश्न यह है कि लगातार वन्य जीवों के हमले की घटनाएं पूरे उत्तराखंड में गूंज रही हैं। कभी टिहरी तो कभी उत्तरकाशी तो कभी रुद्रप्रयाग कभी हरिद्वार कभी चमोली। भालू का आतंक तो कभी बाघ व गुलदार की दहशत, कभी हाथियों का हमला तो कभी जंगली सुअरों व लंगूर व बंदरों का खेती उजाड़ना, परंतु इतना सब होने के बाद भी सरकार मौन हैं। आखिर सरकार की चुप्पी या सरकार का ध्यान इस तरफ कब जाएगा लगातार तीन महिलाओं को अपना शिकार बन चुका आदमखोर अभी तक खुलेआम धारी के जंगलों में घूम रहा है। वन विभाग अपनी ड्यूटी में फिसड्डी नजर आ रहा है।

# भाजयुमो ने कराई युवा संकल्प दौड़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नैनीताल द्वारा सोमवार को युवा संकल्प दौड़ का स़फ ल आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ डीएसए मैदान से हुआ जो ठंडी सड़क और माल रोड से होते हुए पुनः डीएसए मैदान पर संपन्न हुई। इससे पूर्व सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई इस दौड़ में बड़ी संखया में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, सामाजिक चेतना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। पूरे मार्ग में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया। यातायात एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि युवाओं को राष्ट्रहित से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट व विधायक सरिता आर्य द्वारा हरी झंडी दिखाई गई व कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा आशु उपाध्याय समेत वरिष्ठ युवा नेता अरविंद सिंह पडियार समेत आनंद सिंह बिष्ट, मंडल उपाध्यक्ष निखिल बिष्ट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज भट्ट तथा डा. मोहित रौतेला समेत मोहित शाह, मानस नैनवाल, राहुल नेगी तथा रितुल कुमार आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर सोमवार को जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट के नैनीताल में प्रथम आगमन पर युवा मोर्चा ने भव्य रैली निकाली। रैली सुबह 11 बजे तल्लीताल से प्रारंभ होकर माल रोड होते हुए नैनीताल कलब तक पहुंची। रैली में युवा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। मोर्चा के मुताबिक रैली के दौरान अनुशासन, शांति एवं मर्यादा का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की एकजुटता एवं युवाओं की सक्रिय भूमिका का संदेश दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में सभी युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आईजी कार्यालय व कोतवाली के सामने उड़ाई नियमों की धज्जियां



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट के सोमवार को नैनीताल में पहली बार आने पर युवा मोर्चा की ओर से स्वागत रैली का आयोजन किया गया। लेकिन आयोजन के दौरान आईजी कार्यालय व कोतवाली पुलिस के सामने ही यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। लेकिन पुलिस भी मूकदर्शक बन देखती रही। सोमवार को रैली 11 बजे तल्लीताल से शुरू हुई जो माल रोड होते हुए नैनीताल कलब तक पहुंची। रैली में पुलिस व्यवस्थाओं में भी लगी रही लेकिन तल्लीताल से मल्लीताल तक युवा मोर्चा के लोग कार के सीसों से बाहर निकले रहे। वहीं कई बाइकों पर बिना हेलमेट के ही कार्यकर्ता पूरी मालरोड पर चलते रहे। हद तब हो गई जब पुलिस के सामने यह रैली यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए आईजी कार्यालय और कोतवाली के समीप से पुलिस के सामने निकल गई। जबकि हर रोज यहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाती है। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) नैनीताल डा.जगदीश चंद्रा ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक कैड़ा ने अवैध बोरिंग के मामले को लिया गंभीरता से

**धारी।** नैनीताल जिले के भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के ग्राम सभा परबड़ा में बाहरी विल्डर द्वारा अपने निजी मनीविद्या होटल में पानी पहुंचाने के लिए अवैध तरीके से बोरिंग खोदने की परमिसन ले ली थी। जिस कारण ग्रामीणों के जल स्रोत सूखने लग गए और गाँव में पानी की काफी परेशानी होने लग गई। मामले की सूचना ग्रामीणों ने विधायक राम सिंह कैड़ा को दी। सूचना पर विधायक कैड़ा ग्रामीणों के बीच पहुँचे और मौके पर रहे अवैध बोरिंग के कार्य को देखा तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। विधायक कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्याओं देखते हुए देहरादून पेयजल विभाग के निदेशक से वार्ता कर अवैध रूप से की जा रही बोरिंग की जानकारी दी और कहा कि अवैध बोरिंग करने से ग्रामीणों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। बाहर से बिल्डर यहां यहां आकर अवैध तरीके से बोरिंग कर अपना होटल चला रहे हैं और हमारे पहाड़ की सीधी साधी जनता की डरा धमका कर पैसा कमा रहे हैं। विधायक कैड़ा ने कहा जनता की भावना के साथ खेल हो रहा है जिसे कतई बर्दाशत नहीं किया जायेगा। विधायक कैड़ा ने देहरादून में पेयजल विभाग के निदेशक से तुरंत अबैध रूप के की जा रही बोरिंग की परमिसन निरस्त करने का आदेश जारी करने को कहा, जिसके बाद अवैध बोरिंग को बंद करने का आदेश जारी किया गया। विधायक कैड़ा ने अवैध रूप से खोदी जा रही बोरिंग की बंद कर उसे सीमेंट से बंद करा दिया है। विधायक कैड़ा ने कहा जनता ही मेरे लिए सब कुछ है। अपनी जनता के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।

# गाजा रेंज में गिद्ध संरक्षण पर प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वन वर्धनिक उत्तराखण्ड नैनीताल के अन्तर्गत गाजा रेंज ज्योलीकोट में सोमवार को पक्षी एवं गिद्ध संरक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बता दें इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मकसद विलुप्ति की कगार पर पहुंच रही गिद्ध एवं वल्चर प्रजातियों के संरक्षण तथा पहचान एवं उनके संरक्षण हेतु आवश्यक उपायों के प्रति वन विभाग के कार्मिकों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में डबलूडबलूएफ इंडिया की ओर से सनी जोशी सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर द्वारा संसाधन व्यक्ति के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने गिद्ध एव वल्चर प्रजातियों की पहचान समेत




पारिस्थितिकी व्यवहार तथा संरक्षण में आने वाली चुनौतियों तथा फील्ड स्तर पर अपनाये जाने वाले व्यवहारिक संरक्षण उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी साझा की। प्रशिक्षण कार्यकम विवेक तिवारी वन वर्धनिक उत्तराखण्ड नैनीताल के मार्ग दर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न अनुसंधान रेंजों के रेंज अधिकारी समेत वन दारोगा, वन आरक्षी तथा अनुसंधान सहायक सहित अन्य वन विभागीय कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि गिद्ध एवं अन्य शिकारी पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इनके संरक्षण हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण नियमित निगरानी एवं विभागीय समन्वय अत्यन्त आवश्यक है।

# हल्द्वानी में स्वदेशी संकल्प दौड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वदेशी जागरण मंच की तरफ से सोमवार को हल्द्वानी



स्टेडियम में श्स्वदेशी संकल्प दौड़श का आयोजन किया गया, जो स्टेडियम से शुरु हुई और रोडवेज चौराहे, एसडीएम होते हुए तिकोनिया पहुंची जिसके बाद वापस स्टेडियम में आकर समाप्त हुई। इस दौड़ का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल और मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौड़ में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। लोकेश कुमार और खुशी को प्रथम पुरस्कार 3100, मोहित और दीपा को द्वितीय पुरस्कार 2100, और मयंक राठौर और पायल को तृतीय पुरस्कार 1100 दिया गया। इसके अलावा, 25 प्रतिभागियों को लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांत संयोजक विपिन कर्णवाल, प्रांत समन्वय पदम शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मोहन पाठक, सुरेश पांडे, आयोजन सचिव नितिन जोशी, त्रिलोक सिंह जीना, महेश बिष्ट, महेश फर्त्याल, राहुल सिंह, गोविंद लटवाल, श्याम भट्ट, कैलाश जोशी, तनुज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा चुनाव अधिकारी ने

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव हेतु नियुक्त चुनाव अधिकारी ने बार काउंसिल के चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों से चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है, साथ ही कहा है कि यदि किसी प्रत्याशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत मिलती है और शिकायत सही साबित हुई तो ऐसे प्रत्याशी का नामांकन अथवा चुनाव बाद सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। चुनाव अधिकारी की ओर से बताया गया है कि राज्य बार काउंसिल के चुनावों के लिए प्रत्येक उम्मीदवार से नामांकन शुल्क 1.25 लाख रुपये लिया गया। नामांकन शुल्क लौटाया नहीं जाएगा। इसका उपयोग चुनाव के खर्चों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। यदि कोई शेष राशि बचती है तो उसे राज्य बार काउंसिल के कोष में जमा किया जाएगा। बताया कि बार काउंसिल से संबंधित चुनावों के उमीदवारों द्वारा विज्ञापन, घोषणा तथा टीवी व समाचार पत्र, हैंडबिल, पैंफलेट (8 सेमी गुणा 5 सेमी आकार के विजिटिंग कार्ड को छोड़कर), बैनर, पोस्टर, लीफ लेट, लाउडस्पीकर तथा जुलूस के साथ ही न्यायालय के अंदर और बाहर सार्वजनिक भाषण आदि निषिद्ध होंगे ताकि विधि पेशे की गरिमा को ठेस न पहुंचे और कोई भी नियमों की अज्ञानता या अन्य व्याख्या का बहाना न बना सके। यदि उमीदवार दोषी पाए जाते हैं तो उनका नाम रद्द कर दिया जाएगा। कोई प्रत्याशी किसी अधिवक्ता को वोट के लिये प्रलोभन नहीं देगा। कदाचार नहीं करेगा और न्यायधीशों, संस्थाओं व अन्य उमीदवारों के खिलाफ अपमानजनक या मानहानि जनक शबदों का प्रयोग नहीं करेगा। कहा कि यदि ऐसी शिकायतें चुनाव अधिकारी के समक्ष की जा सकती हैं। चुनाव अधिकारी ऐसी किसी भी शिकायत को पर्यवेक्षक या केंद्रीय चुनाव न्यायाधिकरण को संदर्भित करेंगे और यदि शिकायत सही साबित हुई तो आरोपित प्रत्याशी का नामांकन अथवा चुनाव जीतने की स्थिति में सदस्यता रद्द कर दी जाएगी।

## सभासद जगाती ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**नैनीताल।** नैनीताल शहर अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगती ने वार्ड में लगातार हो रही पानी की समस्या को लेकर रोष जताया और



जल संस्थान के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर वार्ड में पानी की समस्या ठीक नहीं होती है तो वह मंगलवार आज दोपहर 12 बजे जल संस्थान कार्यालय के आगे आत्मदाह करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। सभासद जगाती ने वीडियो के माध्यम से कहा कि उनके वार्ड में वर्ष भर पानी की समस्या बनी रहती है जिस क्रम में बीते तीन दिन से वार्ड में पानी नहीं आया है जिसके चलते वार्ड की जनता को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जल संस्थान के जेई और उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी वार्ड में पानी नहीं आ रहा है और उनके वार्ड के अनदेखी की जा रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नवी मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा WPL मैच

**नवी मुम्बई, वार्ता।** नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला डब्ल्यूपीएल 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा। आधिकारिक डब्ल्यूपीएल ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों की टिकट की बिक्री नहीं हो रही है। अगर स्थिति ऐसी ही रहती है, तो प्रभावित होने वाले मैच ये होंगे।

### शिखर धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है। 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं और नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। वह फिलहाल अबू धाबी में रहती हैं। 40 साल के धवन ने एक दशक से अधिक के शानदार करियर के बाद 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# चोटिल वाशिंगटन सुंदर शेष सीरीज से बाहर



● वाशिंगटन सुंदर ने बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते हुए अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी, उनकी जगह बडोनी को टीम में शामिल किया गया

**वडोदरा, वार्ता।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के एक बयान के अनुसार, सुंदर ने रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी। 26 वर्षीय खिलाड़ी का स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम विशेषज्ञ की राय लेगी। चोट के कारण सुंदर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एकदिवसीय सीरीज के शेष दो मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने सुंदर की जगह आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है।

बडोनी को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है और वह सीरीज के दूसरे मैच से पहले राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत की अपडेटेड टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसि( कृष्णा, कुलद. ीप यादव, नीतीश कुमार, अर्शदीप सिंह, यशस्वी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) व आयुष बडोनी शामिल हैं।

# यूपी ने आरसीबी को दिया 144 रनों का लक्ष्य

## श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क को मिले दो-दो विकेट




**नवी मंबई, वार्ता।** महिला प्रीमियर लीग का छठा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और यूपी वॉरियर्स के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजरें लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर हैं जबकि यूपी को उनकी पहली जीत की तलाश है। यूपी ने आरसीबी के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए। उनके लिए दीप्ति शर्मा ने 45 और डिएंड्रा डॉटिन ने 40 रनों की नाबाद पारी खेली। आरसीबी के लिए श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क ने दो.दो विकेट लिए जबकि लॉरेन बेल ने एक सफलता अपने नाम की। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ाए जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3०2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जाएंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गईए जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैलनग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे।

इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम को नादिन डी क्लार्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले मैच में डी क्लार्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया थाए ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिसए स्मृति मंधानाए दयालन हेमलताए ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डी क्लार्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

# जीत के बाद अय्यर, राणा, सुंदर ने टीम प्रयास की सराहना की

**वडोदरा, वार्ता।** भारत के खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर, हर्षित राणा और वाशिगटन सुंदर ने टीम के सीरीज में संयुक्त प्रयास से जीत के साथ शुरुआत करने पर खुशी व्यक्त की है।

बीसीसीआई के एक वीडियो में, मध्यमक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने जीत को एक हौसला बढ़ाने वाली शुरुआत बताया और कहा कि चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापस आकर वह खुश हैं। अय्यर ने कहा कि सीरीज की शानदार शुरुआत। कुछ समय बाद टीम में वापस आकर, इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे भी अधिक हर एक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा लगा। मैं इसे काफी समय से मिस कर रहा था, लेकिन मैं



● सीरीज में शानदार शुरुआत कुछ समय बाद टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा: श्रेयस

वापस आकर खुश हूं। अय्यर ने विराट कोहली की 93 रन की पारी की भी तारीफ की, जो वनडे में उनका लगातार पांचवां पचास से अधिक का स्कोर था। उन्होंने इसे सीनियर बल्लेबाजी की कंसिस्टेंसी और स्ट्राइक रोटेशन और सोचे-समझे अग्रेसन से पारी को कंट्रोल करने की काबिलियत का एक और उदाहरण बताया। गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हर्षित ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड के ओपनर हेनरी और कॉनवे को लगातार ओवरों में आउट करने में खुशी हुई। राणा ने बताया कि निकोल्स को उनकी गेंद, जिसे वाइड फेंकना था, वाइड यॉर्कर बन गई, जिसके बाद उन्होंने अगले ओवर में कॉनवे को आउट किया।

# उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

## कप्तान हार्विक देसाई ने नाबाद 100, प्रेरक मांकड़ ने 67 रनों की शानदार पारी खेली



**बेंगलुरु, वार्ता।** सौराष्ट्र ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को वीजेडी पद्धति से 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान हार्विक देसाई (नाबाद 100) प्रेरक मांकड़ (67) और चिराग जानी (नाबाद 40) शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में विश्वराज जडेजा (नौ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें करन चौधरी ने आउट किया।

इसके बाद प्रेरक मांकड़ ने हार्विक देसाई के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। 27वें ओवर में प्रशांत वीर ने प्रेरक मांकड़ को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। प्रेरक मांकड़ ने 66 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 67 रन बनाए। समर गज्जर 14 रन बनाकर तीसरे विकेट के रुप में आउट हुए। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय सौराष्ट्र ने 40-1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना लिए थे। हार्विक देसाई 116 गेंदों में 100 रन बनाकर और चिराग जानी 31 गेंदों में 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। हार्विक देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। चिराग जानी ने भी दो चौके और दो छक्के उड़ाए। इससे हपले समीर रिजवी (नाबाद 88) और अभिषेक गोस्वामी (88) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को जीत के लिए 311 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश ने शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यन जुयाल (शून्य) और ऋतुराज शर्मा (12) को चेतन साकरिया ने अपना शिकार बनाया। प्रियम गर्ग ने 39 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान रिकू सिंह 13 रन बनाकर आउट हुए। 33वें ओवर में पारस्वराज राणा ने शतक की ओर बढ़ रहे अभिषेक को आउट किया। अभिषेक गोस्वामी ने 82 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए 88 रनों की पारी खेली। इसके अलावा प्रशांत वीर (30), विप्रज निगम (13) व जीशान अंसारी (20) रन बनाकर आउट हुए। यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। समीर रिजवी ने 77 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया ने तीन विकेट लिए। अंकुर पंवर और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# डरबन सुपर जायंट्स ने रोमांचक मुकाबला जीतकर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा

## एसए20 में एक और रोमांचक मुकाबले देखने को मिला

**ग्केबेरहा, वार्ता।** एसए20 में रविवार को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां डरबन सुपर जायंट्स ने सेंट जॉर्ज पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दो विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिदा रखा। तीन गेंद शेष रहते मिली इस जीत के साथ डीएसजी अंक तालिका में एमआई केप टाउन को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इस नतीजे ने लीग तालिका के शीर्ष पर भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है।

शीर्ष पर मौजूद सनराइजर्स (19 अंक) और चौथे स्थान पर काबिज पार्ल रॉयल्स (15 अंक) के बीच सिर्फ चार अंकों का अंतर है, हालांकि पार्ल रॉयल्स ने एक मैच कम खेला है। मैच के निर्णायक क्षण में ऑलराउंडर इवान जोन्स ने दबाव में संयम दिखाते हुए आखिरी ओवरों में एनरिक नॉर्टजे की गेंद पर चौका जड़ा, जिससे विजिटिंग ड्रेसिंग रूम में जश्न शुरू हो गया। शुरुआत में यह जीत लगभग आसान लग रही थी, जब डीएसजी ने पावरप्ले में 71/1 रन बनाकर सनराइजर्स के 158/5 के लक्ष्य का बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया था। कप्तान ऐडन मार्करम ने क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करते हुए सेंट जॉर्ज पार्क में अपनी वापसी को यादगार बनाया।

पूर्व सनराइजर्स कप्तान ने सिर्फ 13 गेंदों में 25 रन (छह चौके) बनाकर 'ऑरेंज आर्मी' को शांत कर दिया, हालांकि बाद में उन्हें लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर मार्को यानसन ने शानदार कैच में लपक लिया। उनके सलामी जोड़ीदार मार्केस एकरमैन ने लय बरकरार रखते हुए 26 गेंदों में 45 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाए, जिससे डीएसजी का स्कोर 80/2 हो गया और जीत के लिए सिर्फ 79 रन लगभग रन-ए-बॉल की दर से चाहिए थे। लेकिन जुझारू सनराइजर्स ने शानदार वापसी की। बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी (2/20) के उम्दा स्पेल और नॉर्टजे व यानसन की तेज गें. दबाजी ने डीएसजी के मजबूत मिडिल ऑर्डर को झकझोर दिया। सुनील नरेन, हेनरिक क्लासेन, जोस बटलर, डेविड बेडिंघम और लियम लिविंगस्टोन गैर-जरूरी शॉट खेलते हुए आउट हो गए, जिससे 17-2 ओवर में डीएसजी का स्कोर 137/7 हो गया और स्थिति नाजुक हो गई।

इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज जेराल्ड कोएत्जी ने 6 गेंदों में 13 रन (1 चौका, 1 छक्का) बनाते हुए पेनल्टीमेट ओवर में अहम चौका लगाया और लक्ष्य को फिर से करीब ला दिया। हालांकि वे भी एडम मिल्ने की गेंद पर आउट हो गए, जिससे आखिरी ओवर बेहद तनावपूर्ण बन गया।

### एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में हारीं एलेक्जेंड्रोवा

**कैनबरा, वार्ता।** विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गई, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं। चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी। मैच के बाद कोर्ट पर क्रिस्टियन कहा कि मैं अपने लेवल से बहुत खुश हूं। मुझे खुद पर पूरा भरोसा था, मैं लय में थी, इसलिए मैं यहां आई और खुद पर ध्यान केंद्रित किया। क्रिस्टियन, जो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतकर एडिलेड में मुख्य एकल ड्रॉ में पहुंची हैं, दूसरे राउंड में उनका मुकाबला मारिया सक्कारी या डारिया कसाटकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### मेरठ 1857 योद्धाज यूपीकेएल सीजन-3 में उतरेंगे

**नोएडा, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है।

नई टीम का नाम मेरठ 1857 यो(ाज रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ। लोगो में मौजूद ढाल रक्षात्मक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक है, जो एक मजबूत कबड्डी टीम की आधारशिला है, जबकि क्रॉस किए गए हथियार आक्रमण, रणनीति और रेड व डिफेंस के बीच संतुलन को दर्शाते हैं।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 14 रनों से हराया




● बारिश के कारण 12-12 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली

**श्रीलंका, वार्ता।** बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन दूसरे ओवर में वह आउट हो गए। तब तक पथुम निसांका दो गेंदों पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट चुके थे। कुसल मेंडिस (30), धनंजय डी सिल्वा (22) और चरित असलंका (21) सभी ने अच्छी शुरुआत की और आउट होने से पहले 20 रन का आंकड़ा पार किया। सबसे अहम साझेदारी, 52 रन की और केवल15 गेंदों में, दासुन शनाका और जनिथ लियानागे के बीच हुई। कप्तान दासुन शनाका ने नौ गेंदों में 36 रनों की पारी में पांच छक्के लगाए। लियानागे ने आखिरी गेंद पर चौका लगाया, जिससे श्रीलंका ने 160/6 के मजबूत स्कोर पर पारी खत्म की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई, हालांकि उन्होंने शाहिब. जादा फरहान को जल्दी खो दिया। नंबर 3 पर आए कप्तान सलमान आगा ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान ने दूसरे और तीसरे दोनों ओवर में 22 रन बनाए। श्रीलंका ने तब मोमेंटम हासिल किया जब मथीशा पथिराना ने चौथे ओवर में सलमान आगा को फाइन-लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट करवाया। फिर, हसरंगा ने अगले ओवर में दो विकेट लिए। ख्वाजा नफे और मोहम्मद नवाज ने फिर 49 रन की साझेदारी करके पाकिस्तान की उम्मीदों को जिदा रखा। लेकिन पारी जल्दी ही बिखर गई क्योंकि हसरंगा ने 10वें ओवर में वापस आकर दो और विकेट लिए, जिसमें उन्होंने नफे और शादाब खान दोनों को आउट किया। आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे और इसकी शुरुआत फहीम अशरफ के रन-आउट होने से हुई, जो एक तेज एक रन लेने की को. शिश कर रहे थे। एहसान मलिगा के वाइड यॉर्कर फेंकने की को. शिश में चार वाइड फेंकने के बावजूद पाकिस्तान लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाया और 14 रन से पीछे रह गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एम0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

Tele Phone/Fax No-05962-237003 Email ID- eepmgsyalmora2@rediffmail.com

पत्रांक: 01/निविदा/दैवीय आपदा /2025–26 दिनॉक : 12/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु शील्ड निविदायें दिनांक **20/01/2026 को अपरान्ह 1.00** बजे आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें केवल लो0नि0वि0/पी0एम0जी0एस0वाई0 में पंजीकृत ठेकेदारों को ही पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर व्यक्तिगत रूप से या ठेकेदारों के अधिकृत प्रतिनिधि को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0, जो अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा के पदनाम से बन्धक हो प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। पंजीकरण की सामान्य जमानती राशि निविदा हेतु मान्य नही होगी। इसके अतिरिक्त निविदा के साथ रू0 100/– मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरित कर संलग्न किया जाना भी अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र **दिनाक 16/01/2026 से 19/01/2026** तक किसी भी कार्य दिवस में ,निम्नानुसार उल्लिखित कार्यालयों से निविदा हेतु निर्धारित शुल्क + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट, जो मुख्य अभियन्ता, यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून के नाम देय हो, प्रस्तुत कर क्रय किया जा सकेगा। निविदायें दिनांक **20/01/2026 को अपराहन 1.00** बजे तक इन्हीं कार्यालयों में जमा की जा सकेंगी। निविदायें दिनांक **20/01/2026 को अपरान्ह 3.00** बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी।

(1) कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोडा
(2) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, अल्मोडा।
(3) कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, खण्ड लो0नि0वि0, अल्मोडा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जाल से लखनाड़ी मो0मा0 (ल0 7.125 किमी0) | 9600.00 | 500.00+ 18% GST | 45 दिन | 4 माह | मार्ग कार्य में "डी" श्रेणी अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 2. | खैरना–रानीखेत मो0मा0 (भुजान) से पोखरा मो0मा0 (ल0 12.50 किमी0) | 16860.00 | 1000.00+ 18% GST | 45 दिन | 4 माह | –तदैव — |
| 3. | खूँट से काकडीघाट मो0मा0 (ल0 11.225 किमी0) | 16060.00 | 1000.00+ 18% GST | 45 दिन | 4 माह | –तदैव — |

शर्ते :–

1– किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास होगा।
2– सशर्त निविदायें मान्य नही होगी।
3– कार्यो को लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुसार सम्पादित किया जाना होगा।
4– निविदा के साथ ठेकेदार को अपने पैन न0/जी0एस0टी0न0/बैंक खाता/आई0एफ0एस0सी0 कोड/मो0न0 का विवरण दिया जाना होगा।
5– शासनादेश संख्या 6447/।।।(2)/11–20 (सा0) दिनॉक 3–1–2013 के अनुसार अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी का निर्धारण किया जायेगा जो ठेकेदार को अनुबन्ध के समय जमा करना अनिवार्य होगा , तभी अनुबन्ध गठित किया जायेगा अन्यथा कार्य की स्वीकृति पत्र वापस ले लिया जायेगा।
6– अन्य शर्ते जी0पी0डब्लू0–8/जी0पी0डब्लू0–9 के अनुसार होगी।
7– मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों व वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत समस्त प्रकार की भूमि अर्थात वन पंचायत, सिविल वन भूमि, आरक्षित वन, नाप, बेनाप भूमि इत्यादि के खनन पर/पेड़ कटान पर रोक है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों /वन अधिनियम की किसी प्रकार की अवहेलना की समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
8– किये गये कार्य का अन्तिम 10% धनराशि का भुगतान जिलाधिकारी महोदय द्वारा एस0डी0आर0एफ0 के अन्तर्गत किये गये कार्य के सत्यापन हेतु गठित समिति द्वारा निरीक्षणोपरान्त कार्य संतोषजनक होने की आख्या पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा भुगतान की अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
9– अतिरिक्त परफोरमेंस सिक्यूरिटी के अलावा 10% कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि जमा करने पर ही अनुबन्ध गठित किया जायेगा, अन्यथा कार्य का स्वीकृति पत्र वापस ले लिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एम0वाई0 खण्ड
लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

CMYK



### डढेरा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने सुनीं समस्याएं

# जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आम जनता से सीधा संवाद किया और मौके पर ही उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।

रुड़की क्षेत्र के समीप ढंडेरा स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अपने संबोधन में सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि रुड़की से झबरेड़ा तक 44 किलोमीटर लंबे शीला खाला (नाला) की खुदाई का कार्य प्रस्तावित है,



जिससे रुड़की सहित आसपास के 21 गांवों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ा जा रहा है, ताकि गांवों के लोग अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचा सकें। इसके साथ ही प्रदेश में होम स्टे योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है और शीतकालीन पर्यटन को सशक्त बनाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अर्धकुंभ 2027 के आयोजन के लिए सरकार द्वारा 400 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है और इसे डिजिटल कुंभ के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है।

कार्यक्रम में मौजूद राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और लोगों से उनका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह (किरण चौधरी) ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े



व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य के तहत जिला पंचायत द्वारा भी गांवों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महालक्ष्मी योजना की लाभार्थी महिलाओं को किट वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने की।

### नशा तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

## दो नशा तस्करों को दबोचा

## 13.81 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशा तस्करों पर हरिद्वार पुलिस का ताबड़तोड़ प्रहार, लगातार जारी है। इसी के तहत लक्सर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 02 नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से 13.81 ग्राम अवैध स्मैक व डिजिटल तराजू बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर सजनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस टीमें गठित कर लगातार चेकिंग, निगरानी व छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत दिनांक 11.01.2026 को लक्सर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 02 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 13.81 ग्राम अवैध स्मैक व एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त आदिल पुत्र कामिल, निवासी ग्राम नेहन्दपुर सुठारी, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार, सुहेल पुत्र गुलसनवर, निवासी ग्राम नेहन्दपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम (रनिंग में) उ0नि0 कर्मवीर सिंह, उ0नि0 नीरज रावत, हे0कानि0 पंचम प्रकाश, हे0कानि0 गजेन्द्र पंवार, हे0कानि0 रविन्द्र नागर, कानि0 अनिल वर्मा हरिद्वार पुलिस की यह कार्यवाही नशा तस्करों के लिए स्पष्ट संदेश है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, आगे भी ऐसी सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बाइक ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास रविवार देर शाम बाइक व ट्रक की टक्कर होने से एक 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को इलाज हेतु डॉक्टर के यहां भरती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खाता खेड़ी निवासी 22 वर्षीय युवक सहबान पुत्र सफीक अहमद बाइक से अपनी पत्नी के साथ झबरेड़ा होते हुए लखनौता जा रहे थे। जैसे ही उक्त ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास पहुंचे उसी समय पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक की टक्कर बाइक से हो गई। ट्रक की टक्कर बाइक को लगते ही बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर दूर जा गिरे। बाइक पर सवार उक्त युवक की मौके पर ही कुछ देर बाद मौत हो गई । जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल महिला को रुड़की सिविल अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। मृतक युवक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौके पर दो ट्रक मिलने पर सीसीटीवी कैमरे देखकर पता लगाया जा रहा है कि किस ट्रक द्वारा बाइक से टक्कर हुई है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## लक्सर पुलिस ने गोकशी मामले में फरार चार आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने गौकशी के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सखघ्त संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06 जनवरी 2026 को कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई थी। इस दौरान मौके से गौमांस एवं गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए थे। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही गौकशी में संलिप्त आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के संबंध में मु0अ0सं0-28/26 धारा 3/5/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा गहन जांच एवं सुरागरसी शुरू की गई। लगातार तकनीकी व स्थानीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों की सटीक जानकारी जुटाई। इसी क्रम में दिनांक 11 जनवरी 2026 को कोतवाली लक्सर पुलिस टीम ने सुल्तानपुर क्षेत्र में दबिश देकर इस मामले में संलिप्त चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम: नईम कुरैशी पुत्र नसीम अहमद, निवासी बिजनौर (उ.प्र. ), हाल निवासी सुल्तानपुर लक्सर , फईम कुरैशी पुत्र नसीम अहमद, निवासी उपरोक्त, समीम कुरैशी उर्फ रैना पुत्र सुक्खा, निवासी सुल्तानपुर लक्सर. शमशेर अली पुत्र सराफत, निवासी सुल्तानपुर लक्सर गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम मेंख्रउप निरीक्षक दीपक चौधरी,अपर उप निरीक्षक रंजीत नौटियाल,हेड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह पंवार, कांस्टेबल किशोर नेगी शामिल रहे।

## 50 देशी पव्वे शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा रविवार देर शाम दो स्थानों पर चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों से 50 देसी शराब के पववे बरामद किए गए। देसी शराब के साथ पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि रविवार देर शाम कस्बे में स्थित अमर जवान चौक के पास पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी समय सहारनपुर की ओर से एक व्यक्ति बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर निकलने लगा ।लेकिन पुलिस द्वारा उक्त को रोक लिया तथा बाइक के पीछे प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 24 देसी शराब के पववे बरामद हुए। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम रोहित पुत्र तेलू राम निवासी ग्राम बूढ़पुर बताया। दूसरी ओर लखनोता देवबंद मार्ग पर भी पुलिस रविवार देर शाम चेकिंग कर रही थी उसी समय ग्राम दुग चाड़ा के पास ईंट भट्टे की ओर से एक व्यक्ति बाइक से आ रहा था। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वह घबरा गया तथा बाइक सहित नीचे जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उक्त को उठाकर बाइक पर रखें बड़े थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 26 पववे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम विकास कुमार निवासी ग्राम बूढ़पुर नूरपुर बताया। उक्त दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किए गए हैं।

## बढ़ती ठंड व कोहरे से फसलों पर संकट, किसानों को पाले का डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** लगातार बढ़ रही सर्दी, घना कोहरा और शीत लहर किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। तापमान में लगातार गिरावट के चलते बुग्गावाला क्षेत्र के गांवों में रबी और सब्जी की फसलों पर प्रतिकूल असर साफ नजर आने लगा है। सरसों की फसल में फूल झड़ रहे हैं, जबकि आलू और मटर की पत्तियां ठंड से झुलसने लगी हैं। किसानों को पाले की आशंका सता रही है। गोकुलवाला गांव के किसान मोहम्मद असलम ने बताया कि लगातार सर्दी के कारण सरसों और सब्जियों की फसल कमजोर हो रही है। वहीं किसान इरफान का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में पाला पड़ गया तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जूहुरहसन ने बताया कि फसलों को बचाने के लिए सिंचाई का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। तेलपुरा गांव के किसान मेघपाल सैनी ने बताया कि आलू और मटर की फसलों पर सर्दी का सीधा असर दिखाई देने लगा है। किसान कुशलपाल चौहान का कहना है कि सरकार को किसानों के लिए पाले से बचाव के विशेष इंतजाम करने के साथ-साथ उचित मार्गदर्शन भी देना चाहिए, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

## आईआईटी रुड़की ने 'एमएसएमई इनोवेटिव (डिजाइन) योजना' पर जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डिजाइन इनोवेशन सेंटर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने 'एमएसएमई इनोवेटिव (डिजाइन) योजना: उद्योग-अकादमिक इंटरफेस विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डिपार्टमेंट ऑफ डिजाइन, आईआईटी रुड़की, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस , सोलन तथा जिला उद्योग केंद्र, नाहन (सिरमौर) के सहयोग से 30 दिसंबर 2025 को हिमाचल चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पांवटा साहिब, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारतीय विनिर्माण क्षेत्र और डिजाइन विशेषज्ञता/डिजाइन समुदाय को एक साझा मंच पर लाना है। इस योजना का लक्ष्य अनुभवी डिजाइनरों द्वारा वास्तविक समय की डिजाइन समस्याओं के लिए किफायती समाधान, नए उत्पादों के विकास, उनके सतत सुधार तथा मौजूदा और नए उत्पादों में मूल्य संवर्धन हेतु विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना है। प्रो. इंदरदीप सिंह, डीन, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं समन्वयक, डिजाइन इनोवेशन सेंटर, आईआईटी रुड़की ने कार्यक्रम का समन्वय किया तथा एमएसएमई इकाइयों और अन्य सरकारी संगठनों से आए प्रतिभागियों को एमएसएमई इनोवेटिव (डिजाइन) योजना के विवरण से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रो. अपूर्बा कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, डिजाइन विभाग,




आईआईटी रुड़की; ए.के. गौतम, सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; पार्थ अशोक, सहायक निदेशक, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; राहुल बंसल, सहायक निदेशक, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; तथा जिला उद्योग केंद्र, नाहन (सिरमौर) के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों एवं एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम के दौरान हुई चर्चाओं से लाभ प्राप्त किया।

## सफाई कर्मियों को जीवन बीमा व वर्दी सुविध देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत लंढौरा के सफाई कर्मियों की समस्याओं के लिए वार्ड संख्या एक के अनिल भगत ने देहरादून में उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को पांच लाख रुपये तक का जीवन बीमा उपलब्ध कराने और वर्दी सुविधा देने की मांग की गई। अनिल भगत ने बताया कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन नालियों, सीवर लाइनों और कूड़े के ढेरों के बीच जोखिम भरे हालातों में कार्य करते हैं। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जीवन बीमा की सुविधा उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो सकती है। उन्होंने सफाई कर्मियों को वर्दी के साथ-साथ सर्दियों के लिए जैकेट और जूते उपलब्ध कराने की भी मांग रखी ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से कार्य कर सकें।

## मैथोडिस्ट की छात्राओं ने पौधारोपण व जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कालेज रूडकी मे स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर एनएसएस व एनसीसी इको फ्रेंडली क्लब के छात्राओं ने अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। साथ ही पौधारोपण भी किया गया। प्राधानाचार्य व प्रबंधिका ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए छात्राओं का कहा कि हमें विवेकानंद के विचारों को अपनाकर उस पर चलना चाहिए। प्राचार्य डा. अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व से परिचित कराते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास, करूणा, ज्ञान, नि:स्वार्थ सेवा भाव दृढसंकल्प व आध्यात्मिकता जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इको फ्रेंडली छात्राओं द्वारा पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए कागज के लिफाफे तैयार किये व छात्राओं ने रैली निकालकर फल सब्जी विक्रताओं व दुकानदारों को प्लास्टिक पालिथीन के स्थान पर कपडे के बैग उपयोग करने को जागरूक किया। रैली का शुभारंभी प्रबंधिका मिस जे सिंह व प्राचार्या अमिता श्रीवास्तव ने किया रैली महाविद्यालय से निकलकर नगर निगम सिविल लाईन, शताब्दी द्वार से वापिस कालेज पहुंची इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पायल, सीटीओ वंदना चौहान, क्लब की सदस्य डा रितु त्यागी, डा भावना, डा कोमल, डा अक्षिता, बिनिंदिया आदि मौजूद रहे।




# स्वामी विवेकानंद के विचारों से दौड़ी युवा शक्ति

## रुड़की में 'स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षा नगरी में स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ जैसे आयोजन न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हैं।

रुड़की युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवनशैली का संकल्प जगाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम परिसर, रुड़की में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेकर यह संदेश दिया कि आज का युवा भारत स्वामी विवेकानंद के विचारों को केवल पढ़ ही नहीं रहा, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतार भी रहा है। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा-"युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाता है। आज के युवाओं को 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' के मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ना होगा। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने युवाओं में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का जो बीज बोया था, वही आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की नींव है। उन्होंने आगे कहा कि "स्वदेशी संकल्प दौड़ जैसे आयोजन




न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हैं।" भाजपा जिला युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विभोर सेठी ने बताया कि इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवन, स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रनिर्माण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवा मोर्चा द्वारा इसी तरह के प्रेरणादायी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। दौड़ के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### लक्सर को मिली दो नई रेल गाड़ियों के स्टॉपेज की सौगात

# सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज दो नई गाड़ी बुर्गियाना 12358 वह 12357 अमृतसर व्यास जालंधर शहर लुधियाना अंबाला कैंट सहारनपुर लक्सर मुरादाबाद बरेली लखनऊ वाराणसी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन सासाराम गया पारस धनबाद आसनसोल कोलकाता 12628 वह 14727 अमृत भारत एक्सप्रेस क्षेत्र का अमृतसर व्यास जालंधर शहर फगवाड़ा दादरी कल सरहिंद राजपुर अंबाला कैंट जंक्शन यमुनानगर जगाधरी सहारनपुर रुड़की लक्सर मुरादाबाद चंदौसी सतपुर बुधवार गोंडा मनकापुर बस्ती खलीलाबाद गोरखपुर कप्तानगंज सिरसा बाजार नरकटियागंज सकता सनोद सीतामढ़ी सहस्त्रा की ओर जाने की और की ओर आने की स्टॉपिज कर दिया गया है जिससे लक्सर क्षेत्र वासियों को आने जाने के लिए बड़ी सौगात मिली है। इससे लक्सर क्षेत्र के व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा हरिद्वार सांसद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा की लक्सर के लोगों की मांग पर आज दो गाड़ियों की सौगात दे दी गई है उन्होंने कहा दो गाड़ी आने की और दो गाड़ी जाने की स्टॉपेज लक्सर में कर दिया गए हैं उन्होंने यह भी कहा कि लक्सर के लोगों की बहुत दिनों से मांग थी कि लक्सर में बहुत दिनों से आने जाने वाले यात्री व व्यापारी परेशान है उनकी परेशानी को देखते हुए आज जिन दो गाड़ियों की सौगात दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि कुछ और गाड़ियों को लोगों ने मांग की है उनको भी रेल मंत्री से मिलकर उनका भी स्टॉपेज करने



की कोशिश की जाएगी वही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद आदित्य गुप्ता ने कहा कि यह दोनों गाड़ी मुरादाबाद गोरखपुर सहारनपुर की ओर जाएंगे और लोगों को उनसे बहुत ही फायदा होगा उन्होंने यह भी कहा कि दो गाड़ी से लोगों को लाभ मिलेगा लक्सर मे दोनों गाड़ियों का स्टॉपेज कर दिए गए हैं वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें राहुल अग्रवाल भूपेंद्र निगम राजेंद्र नाथ मेहंदी रत्ता अजय वर्मा बिजेंद्र पांचाल अध्यक्ष अमित नामदेव शारीरिक सलमानी आदि सैकड़ो भाजपा के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

CMYK

# चुनाव आयोग को नोटिस

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक भी पहुंच गया है। इसमें 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। संसद से पारित संशोधन में यह प्रावधान जोड़ा गया था कि अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकता और यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी। भले ही वह पद पर न हों। इसी प्रावधान को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, सोमवार को इसकी सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। असल में विपक्षी दलों का सीधे यह आरोप रहा है कि चुनाव आयोग निरंकुश होकर कार्य कर रहा है। विशेषकर तब से जब से उसे सरकार ने संसद द्वारा पारित एक कानून में संशोधन के माध्यम से जबरदस्त संरक्षण दिया है। स्वाभाविक रूप से यह बात देखने में भी आ रही है कि जिस तरह मनमानी के आरोप आज चुनाव आयोग पर लग रहे हैं, इस तरह के आरोप कभी देखने में नहीं आए। वैसे होना तो यह चाहिए कि इसका विरोध 2023 में तभी होता, जब सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी जिससे वही व्यक्ति चुनाव आयोग को पहुंचेगा जिसको वह चाहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी व्यवस्था का सुझाव दिया था जो मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पारदर्शी बनाए। इसके लिए जो समिति बने उसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों। इसके उलट सरकार ने 2023 में एक ऐसी समिति बनाई जो अपने ही आप में हास्यास्पद है। तीन सदस्यीय समिति में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक कैबिनेट मंत्री होगा और एक विपक्षी दल का नेता। कोई भी समझ सकता है कि ऐसी स्थिति में 2-1 के अंतर से चुनाव आयोग में उसी की नियुक्ति होगी, जिसको सरकार चाहेगी और उस पर तुर्रा यह कि उसको इतने अधिकार दे दिए, जितने अधिकार प्रधानमंत्री को भी नहीं हैं। चुनाव आयोग की जवाबदेही किसी के भी प्रति नहीं रह गई है। वह देश के कानून से ऊपर हो गया है। उस पर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं चल सकता, भले ही वह कितनी गलतियां करे। जाहिर है, यह किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। लोकतंत्र जनता की इच्छाओं पर चलता है और वहां हर पद जनता के प्रति जवाबदेह होता है। होना भी चाहिए, अगर मनमाने तरीके से किसी को असीमित अधिकार दिए जाएंगे तो उसका ऐसा ही नतीजा देखने में आएगा जैसा आ रहा है। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर सीधे भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग किसी की नहीं सुन रहा है और न किसी की चिंता दूर कर रहा है।

## सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन



सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, 31 जनवरी तक उप्र में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके, 20 दुर्घटना संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न केवल स्वयं, बल्कि दूसरों के लिए भी घातक हो सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र**

# रेवड़ी, गुड़ और गीतों के बीच भाईचारे का पर्व है लोहड़ी



**योगेश कुमार गोयल**



**दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा।**


उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को कृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे कृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकडिघ्यां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाए जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आद.ेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिए मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने साइज से दोगुना हो सकती है व्हेल

**वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया।**

यह तो जानी-मानी बात है कि व्हेल दीर्घायु स्तनधारी हैं। कई प्रजातियां तो 100 वर्ष से अधिक भी जी सकती हैं। व्हेल की उम्र का अंदाजा लगाने के लिए वैज्ञानिक कई तरीके अपनाते हैंय जैसे उनके कान के मैल की परतें गिनना जो पेड़ के छल्लों की तरह साल दर साल जमा होती हैं, या आंखों के प्रोटीन में एक निश्चित दर से होने वाले रासायनिक परिवर्तन को नापना, या उनके त्वचा के नीचे की वसा में शिकारी भालों के निशान गिनकर। इन तकनीकों से विश्लेषण के लिए अक्सर तुरंत मृत व्हेलों के नमूने चाहिए होते हैं, जो मिलना मुश्किल है। फिर, शिकारी गतिविधियों के चलते वृद्ध व्हेल भी मिलना मुश्किल है क्योंकि अब अधिकांश युवा व्हेल ही जीवित बची हैं। इसी कारण व्हेल की सटीक आयु बता पाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया। इसकी मदद से शोधकर्ता प्रत्येक व्हेल को पहचान सकते थे और यह बता सकते थे कि कौन सी व्हेल कब संभवतः मृत्यु के कारण आबादी से गायब हो गई। व्हेल के गायब होने के समय के आंकड़ों को उन्होंने विभिन्न सांख्यिकीय मॉडल्स में डाला जो यह बता सकते थे कि कितने प्रतिशत आबादी किस-किस उम्र तक जीवित रहेगी। सबसे उपयुक्त परिणाम उस मॉडल से मिले जो बीमा कंपनियां मनुष्यों की मृत्यु दर का पूर्वानुमान लगाने और उसके अनुसार प्रीमियम दरें तय करने के लिए करती हैं। परिणाम के अनुसार दक्षिणी राइट व्हेल का औसत जीवनकाल लगभग 73 साल है, लेकिन 10 प्रतिशत 132 साल से भी अधिक आयु तक जीवित रह सकती हैं। जबकि, पूर्व अध्ययनों का कहना था कि इस व्हेल का जीवनकाल अधि.कतम 70 से 80 साल है। उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल के बारे में मॉडल का विश्लेषण है कि इनका औसत जीवनकाल करीब 22 वर्ष है लेकिन 10 प्रतिशत 47 वर्ष से अधिक आयु तक जी सकती हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि काफी सारी व्हेल कुदरती रूप से नहीं बल्कि जहाजों से टकराकर और मत्स्याखेट उपकरणों में उलझकर मरती हैं। साथ ही, पूर्व में हुए अंधाधुंध शिकार से यह उबर नहीं पाई हैं और विलुप्ति की कगार पर हैं। इनके अधिक असुरक्षित होने का एक कारण यह भी है कि वे मानव आबादी वाले तटीय क्षेत्रों में रहती हैं। हालांकि दीर्घायु के मामले में बोहेड व्हेल (Balaena mysticetus) अब भी आगे हैं, वे 200 साल से अधिक जीवित रहती हैं। वैज्ञानिकों का मानना था कि बोहेड व्हेल इतने लंबे समय तक इसलिए जीवित रहती हैं क्योंकि वे सुस्त होती हैं-वे धीरे-धीरे तैरती हैं, धीरे-धीरे परिपक्व होती हैं और उनका चयापचय धीमा होता है, लेकिन राइट व्हेल तुलनात्मक रूप से फुर्तीली होती हैं, इनकी चयापचय गति अन्य स्तनधारियों की तरह ही होती है, इसलिए यहां एक सवाल उभरता है कि वे इतना लंबा कैसे जीवित रहती हैं? बहरहाल, व्हेल की नैसर्गिक उम्र चाहे जितनी लंबी रहे लेकिन जब तक उन पर शिकार और मानव गतिविधियों का खतरा मंडराता रहेगा उनका चिरंजीवी होना मुश्किल है।



**-स्रोत फीचर्स**

# कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई




भारत में महंगाई एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो समय-समय पर देश की आर्थिक स्थिति, सरकारी नीतियों, वैश्विक बाजार की परिस्थितियों और अन्य कई कारकों से प्रभावित होता है। महंगाई का सीधा प्रभाव आम जनता के जीवन स्तर पर पड़ता है, क्योंकि यह उनकी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। इस लेख में, हम महंगाई के विभिन्न पहलुओं, उसके कारणों, प्रभावों और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। महंगाई को सामान्यतः वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी आती है।

भारत में महंगाई को मापने के लिए मुख्यतः दो सूचकांकों का उपयोग किया जाता है- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक CPI और थोक मूल्य सूचकांक WPI, CPI उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है, जबकिॅच्प् थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को दर्शाता है। महंगाई के कई प्रमुख कारण हैं। पहला, मांग और आपूर्ति में असंतुलन। जब किसी वस्तु या सेवा की मांग उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। दूसरा, उत्पादन लागत में वृद्धि, जैसे कच्चे माल, श्रम या ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि, जो अंतिम उत्पाद की कीमत को बढ़ाती है। तीसरा, मुद्रा स्फीति, जब बाजार में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ जाती है, तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। चौथा, वैश्विक कारक, जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि, जो आयातित वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करती है। महंगाई का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले, यह गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय का बड़ा हिस्सा आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च होता है। महंगाई के कारण उनकी बचत कम हो जाती है और जीवन स्तर में गिरावट आती है। दूसरा, महंगाई से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है, जिससे निवेश और विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तीसरा, उच्च महंगाई दर से ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जिससे ऋण लेना महंगा हो जाता है और व्यवसायों की विस्तार योजनाएं प्रभावित होती हैं।

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक विभिन्न नीतियों का सहारा लेते हैं। मौद्रिक नीति के तहत, केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को समायोजित करके मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। उच्च ब्याज दरें उधारी को महंगा बनाती हैं, जिससे खर्च में कमी आती है और महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वित्तीय नीति के माध्यम से, सरकार अपने खर्च और कर नीतियों को समायोजित करके मांग को नियंत्रित करती है। इसके अलावा, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, उत्पादन लागत में कमी, और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके भी महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, महंगाई को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं है, लेकिन इसे एक नियंत्रित स्तर पर रखना आवश्यक है ताकि आर्थिक विकास और स्थिरता बनी रहे। इसके लिए सरकार, केंद्रीय बैंक, उद्योग और आम जनता के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है। महंगाई के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाकर, हम इसके प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्थिर और समृद्ध समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। वर्ष 2025 में भारतीय सरकार ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनका उद्देश्य आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना और आम जनता को महंगाई के प्रभाव से बचाना था। इन उपायों में मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल हैं।

**मौद्रिक नीति समायोजन**

दिसंबर 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक RBI ने प्रमुख नीतिगत दर, रेपो दर, को 6.50% पर स्थिर रखा। इसके साथ ही, RBI ने नकद आरक्षित अनुपात CRR में 50 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 4 प्रतिशत किया, जिससे बैंकिंग प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपए की तरलता प्रवाहित हुई। इस कदम का उद्देश्य आर्थिक विकास को समर्थन देना था, क्योंकि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान कमजोर हो रहे थे। नवंबर 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत तक कम हो गई, जो मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में आपूर्ति सुधार के कारण था। आर्थिक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यदि खाद्य कीमतों में यह गिरावट जारी रही, तो दिसंबर में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है, जिससे RBI फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में कटौती पर विचार कर सकता है।

**आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन**

सरकार ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के लिए कई कदम उठाए। सामान्य से अधिक वर्षा और जलाशयों के उच्च स्तर ने कृषि क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन में योगदान दिया। खरीफ फसलों की अच्छी बुआई और त्योहारी सीजन में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने निजी खपत को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज के पर्याप्त बफर स्टॉक उपलब्ध कराए गए।

**वित्तीय सुधार और निवेश प्रोत्साहन**

सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने, बैंकिंग प्रणाली में सुधार, और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत उपाय किए। बैंकों और कॉरपोरेट्स के मजबूत बैलेंस शीट, उच्च क्षमता उपयोग, और गैर-खाद्य बैंक ऋण में वृद्धि ने निवेश संभावनाओं को मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक GDP वृद्धि 6.7 प्रतिशत दर्ज की गई।

**भविष्य की चुनौतियां और रणनीतियां**

हालांकि मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिम, वित्तीय बाजार में अस्थिरता, प्रतिकूल मौसम की घटनाएं, और वैश्विक खाद्य एवं धातु की कीमतों में वृद्धि जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, RBI और सरकार ने मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए सतर्क रुख अपनाया है। सारांशतः, वर्ष 2025 में भारतीय सरकार और त्ठप ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए समन्वित प्रयास किए, जिनमें मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल थे। इन उपायों ने आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने और आम जनता को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**...साभार प्रभ**

# बागपत के अधिवक्ताओं ने शाहनवाज़ राना को दिया जीत का भरोसा

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ पहुंचे बागपत कलक्ट्रेट, हिना गार्डन में आयोजित हुई अधिवक्ताओं संग मीटिंग





■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में है जिनका क्रमांक संख्या 266 है इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## अधिवक्ताओं ने दिल खोलकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागपत।** यूपी बार काउंसिल चुनाव की सरगर्मिया अब तेज हो चली है चुनाव का प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना बागपत पहुंचे जहां सबसे पहले वे कलक्ट्रेट अधिवक्ताओं से मिले और अपने लिए प्रथम वरयीता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद मेरठ रोड स्थित हिना गार्डन में अधिवक्ताओं के संग एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने श्री राना को प्रथम वरयीता का मत देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका तहे दिल से स्वागत किया।

मुख्य रूप से सुभाष तोमर एडवोकेट जिला बार अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, पूर्व महामंत्री कपिल कुमार डेड़ा, एडवोकेट आरिफ बेग, एडवोकेट सलीम मलिक, एडवोकेट शौकीन मलिक, एडवोकेट मुन्ना खान, एडवोकेट सरफ़राज़ अहमद, एडवोकेट कल्याण सिंह, एडवोकेट कमल, एडवोकेट आज़ाद राजपूत, एडवोकेट साजिद राजपूत, एडवोकेट मोहसीन खान, एडवोकेट मुजम्मिल, एडवोकेट नरगिस सिद्दीकी, एडवोकेट राशिद, एडवोकेट तस्लीम, एडवोकेट इंतज़ार, एडवोकेट अशरफ, एडवोकेट जेनुलआबेदिन, एडवोकेट रामकुमार राठी, एडवोकेट सोदांत राठी, एडवोकेट मेहकार भाटी, एडवोकेट सारिक राणा, एडवोकेट सुमोद पवार, एडवोकेट विक्की शर्मा, एडवोकेट विक्रांत, एडवोकेट नफीस, एडवोकेट सेहनाज, एडवोकेट यासीन, एडवोकेट आसिफ अली, एडवोकेट अफरोज त्यागी, एडवोकेट नाजिम मलिक, एडवोकेट रविक. ांत भारद्वाज, एडवोकेट कपिल केडवा, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट इमरान अली, एडवोकेट मुबीन, एडवोकेट नईम अहमद, एडवोकेट मोहम्मद इसरार, एडवोकेट नईम राजपूत, एडवोकेट बाबर खान, एडवोकेट धर्मेंद्र काठा, एडवोकेट जयवीर तोमर पूर्व बार अध्यक्ष, एडवोकेट राशिद तस्लीम, एडवोकेट पवन, एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र काठा ने किया।

---

## जैश के पास हजारों फिदायीन

■ मसूद अजहर का दावा: जैश सरगना वायरल आडियो क्लिप में बोला: जैश की ताकत सामने आई, तो शोर मच जाएगा, संसद हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी अजहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस आडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस आडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है।

आडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला करवाया था।

## ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया टुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का किया जिक्र



■ फिर दावा ग्रीनलैंड को किसी भी तरह हासिल करेंगे, ईरान मामले में 'कई बेहद कड़े विकल्पों' पर विचार जारी

**वॉशिंगटन/काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टुथ सोशल' पर एक तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने खुद को वेनेजुएला का 'कार्यवाहक राष्ट्रपति' भी बताया है।

साझा की गई तस्वीर एक विकिपीडिया पेज का डिजिटल रूप से संपादित स्क्रीनशॉट है। इसमें ट्रम्प को जनवरी 2026 से पदस्थ लिखा गया है। इसके अलावा इस तस्वीर में उन्हें अमे. रिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के रूप में भी दर्शाया गया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेनाओं के अगवा किए जाने के बाद ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला का 'संचालन' तब तक करेगा, जब तक कि एक 'सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता समाधान' सुनिश्चित नहीं हो जाता। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि अमेरिका देश का नियंत्रण ऐसे किसी भी व्यक्ति के हाथ में जाने का जोखिम नहीं उठा सकता, जिसके मन में वेनेजुएला के लोगों के प्रति नेक इरादे न हों। अमेरिकी फौजें श्री मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेने के बाद विमान से न्यूयॉर्क लाई थीं। उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद) और इसकी साजिश रचने के औपचारिक आरोप लगाए गए हैं। इस चौंकाने वाले घटनाक्रम के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिग्ज ने पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प यह भी कह चुके हैं कि वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारी अमेरिका को तीन से पांच करोड़ बैरल 'उच्च गुणवत्ता वाला तेल' सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि इस तेल को बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा। ट्रम्प का मानना है कि यह कदम वेनेजुएला के संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को 'किसी न किसी तरीके से' हासिल करके ही रहेगा। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को 'अधिग्रहित' करने की बात कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम लीज या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं। हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं।

## सेना पर प्लानिंग के साथ हमले हो रहे: ईरान

■ यह प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, हिंसा में अब तक 544 की मौत

**तेहरान।** ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे आडियो रिकार्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (एचआरएनए) के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की।

## ट्रम्प के 'डोनेरो सिद्धांत' से बन रही है बहुध्रुवीय दुनिया



■ विचारक जार्ज यिओ ने कहा: बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री और प्रमुख रणनीतिक विचारक जॉर्ज योंग-बून यिओ का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई 'डोनरो डॉक्ट्रिन' वैश्विक व्यवस्था को बहु-धु. वीय दुनिया की ओर तेजी से ले जा रही है। यिओ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि इस बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे।

यिओ के अनुसार, अमेरिका अब जिम्मेदारियों को संभालने में पीछे हट रहा है। इसका परिणाम यह होगा कि भारत, चीन और रूस, संतुलित ताकतों के रूप में उभरेंगे और अब यूरोप को अपनी देखभाल खुद करनी होगी। भारत और आसियान के बीच करीबी रिश्तों का हमेशा से समर्थन करने वाले यिओ ने कहा कि भारत के लिए खुद की रक्षा करना और आर्थिक विकास पर ध्यान देना सबसे अच्छा होगा। आखिर में, आर्थिक ताकत, सैन्य ताकत से ज्यादा बड़ी होती है। एओ, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के हर साल आयोजित होने वाले सीडी देशमुख मेमोरियल लेक्चर देने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प (ग्लोबल ऑर्डर) के भविष्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं-बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर और इसके परिणामस्वरूप भारत और चीन, जो एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, शायद 'अपने रिश्तों को स्थिर कर लें।' यिओ ने संकेत दिया कि एक समय भारत के नेतृत्व को लगा था कि चीन के खिलाफ अमेरिका उसका प्रमुख सहयोगी होगा। हालांकि, अप्रैल 2025 में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। अमेरिका के इस कदम से भारत को काफी निराशा हुई थी। उनके अनुसार, ट्रम्प भविष्य की बहु-ध्रुवीय व्यवस्था को तेजी से आगे बघ रहे हैं और इसी कारण भारत और चीन अपने रिश्तों को स्थिर कर सकते हैं। पद्म भूषण से सम्मानित श्री यिओ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोचा था कि वह आयात शुल्क के मुद्दे पर भारत को दबा सकते हैं, लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसी तरह, चीन के मामले में भी आयात शुल्क की धमकी काम नहीं आई क्योंकि चीन ने 'रेयर अर्थ तत्वों के कार्ड का इस्तेमाल किया, जिससे अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।

## चीन ने जम्मू-कश्मीर के शक्सगाम धाटी को अपना बताया

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है।





